


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 27 | कोरबा, रविवार , दिनांक 27 अक्टूबर 2024 डाक 28 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

## पीएम मोदी ने 'मन की बात' में किया 'छोटा भीम ' और 'मोटू पतलू 'का जिक्र... बोले- दुनिया में भारत की क्रिएटिविटी का डंका

**नईदिल्ली, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस दौरान टीवी के लोकप्रिय एनिमेटेड सीरियल जैसे छोटा भीम मोटू पतलू और कृष्णा का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया में भारत की क्रिएटिविटी की लहर है। एनिमेशन की दुनिया में भारत की नई क्रांति आई है। यहां बने एनिमेटेड वीडियो को दुनियाभर में बहुत पसंद किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा, स्मार्टफोन से लेकर सिनेमा स्क्रीन तक, गेमिंग कंसोल से लेकर वर्चुअल रियलिटी तक, एनिमेशन हर जगह मौजूद है। एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति करने की राह पर है। भारत के गेमिंग स्पेस का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। इंडियन गेम्स भी इन दिनों दुनिया भर में पॉपुलर हो रहे हैं। एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड



बाय इंडियंस छाया हुआ है। आपको ये जानकर खुशी होगी कि आज भारत के टेलेंट, विदेशी प्रॉडक्शन्स का भी अहम हिस्सा बन रहे हैं।

अभी वाली स्पाइडर-मैन हो या ट्रांसफॉर्मस, इन दोनों मुवी में हरिनारायण राजीव के काम को लोगों ने खूब सराहा है। सेक्टर आज एक ऐसी इंडस्ट्री का रूप ले चुका है कि जो दूसरी इंडस्ट्रीज को ताकत दे रहा है, जैसे, इन दिनों VR Tourism बहुत फैमस हो रहा है। आप वर्चुअल टुर के माध्यम से अजंता की गुफाओं को देख सकते हैं, कोणार्क मंदिर के कॉरिडोर में टहल सकते हैं, या फिर, वाराणसी के घाटों का आनंद ले सकते हैं।

ये सभी VR Animation भारत के क्रिएटर्स ने तैयार किए हैं। इसलिए, मैं भारत के युवाओं से कहूंगा - अपनी क्रिएटिविटी को विस्तार दें। क्या पता दुनिया का अगला सुपर हिट एनिमेशन आपके कंप्यूटर से निकले। इससे पहले अपने संबोधन की शुरुआत में पीए मोदी ने कहा- 31 अक्टूबर से सरदार पटेल की 150वीं जन्म जयंती का वर्ष शुरू होगा 7 इसके बाद 15 नवम्बर से भगवान बिरसा मुंडा का 150वां जन्मजयंती वर्ष शुरु होगा 7 इन दोनों महापुरुष ने अलग-अलग चुनौतियां देखी, लेकिन, दोनों का vision एक था देश की एकता ।

## औरंगाबाद में जीटी रोड पर हुआ हादसा सह चालक की मौत और 9 यात्री घायल

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के ताराडीह गांव के पास जीटी रोड पर रविवार कि अहले सुबह पांच बजे के करीब यात्रियों से भरी बस ने ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। घटना में सह चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि नौ यात्री घायल हो गए। सह चालक उत्तर प्रदेश राज्य के प्रयागराज जिले के बजहा मिश्रण घिसापुर निवासी रंगलाल के 31 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के है। घायलों में झारखंड राज्य के रांची हरमू रोड निवासी रामनिवास, मध्य प्रदेश राज्य के रीवा जिले के चाकघाट निवासी पल्लवी पांडे, उत्तर प्रदेश राज्य के चंदौली जिला के कमालपुर निवासी विकास कुमार, रायबरेली जिले के नगदीलपुर निवासी आकाश कुमार, प्रयागराज जिले के देवापुर निवासी दिवाकर पांडे, एवं देवरिया जिले के रामपुर कारखाना निवासी शैलेश कुमार है।

## मंडी में दर्दनाक सड़क हादसा, खाई में कार गिरने से 5 लोगों की मौत, क्षत-विक्षत हालत में पड़े मिले शव

**पद्धार, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

मंडी जिला की चौहारघाटी के बरधाण में एक मारुति कार गहरी खाई में गिर गई। जिससे कार में सवार पांच युवकों की मौके पर मौत हो गई। ये पांचों दुल्हन को छोड़कर घर वापस आ रहे थे। यह भयानक हादसा शनिवार देर रात को हुआ। कार में सवार सभी युवक धमच्याण गांव के रहने वाले हैं। जो बरोट में शादी समारोह में गए थे। देर रात को वापस घर लौटते बार यह हादसा हो गया। जिसकी सूचना रविवार सुबह मिली। जब एक भेड़ पालक ने सड़क से करीब 700 मीटर नीचे खाई में गिरी हुई कार देखी। इसकी सूचना आस पास के ग्रामीणों को दी। उसके बाद पंचायत प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंच कर घटना की सूचना टिक्कन पुलिस चौकी को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्षत विक्षत हाल में पड़े शवों को सड़क मार्ग तक पहुंचाने के लिए स्थानीय लोगों की मदद से रेस्कयू शुरू किया है। मृतकों की पहचान राजेश, गंगू, कर्ण, सागर और अजय के रूप में हुई है। जिनमे एक सोलह वर्ष के करीब का किशोर और अन्य चार की उम्र 25



से 30 वर्ष के बीच मे बताई जा रही है। इस दुःखद हादसे से पूरे चौहारघाटी में शोक की लहर छा गई है। बहरहाल पुलिस सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल जोगेंद्रनगर लाएगी। जहां पंचनामे उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द किए जाएंगे। एसपी मंडी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को निकालने के लिए ग्रामीणों की मदद से रेस्कयू शुरू किया है। हादसा किन कारणों से हुआ इसकी छानबीन की जाएगी।












# स्कूलों में शिविर लगाकर बच्चों के बनायें आयुष्मान कार्ड- कलेक्टर

## चिकित्सकों को ड्यूटी समय में चिकित्सालय में उपस्थित रहकर मरीजों का उपचार करने दिए निर्देश

**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य का शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिले में डायरिया, डेंगू, मलेरिया व अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस एन केशरी तथा समस्त कार्यक्रम नोडल अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, डब्लूएचओ के एसएमओ, डीपीएम,समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, समस्त बीपीएम एवं विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान सीएमएचओ डॉ केशरी द्वारा समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लक्ष्य एवं उपलब्धि की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को अपने ड्यूटी टाइम में चिकित्सालय में उपस्थित रहकर मरीजों का इलाज करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पीवीटीजी बसाहटों में लगातार 2-3 माह तक स्वास्थ्य शिविर लगाकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ पहुचाने के निर्देश दिए। शिविर में उनका आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण, खून, शुगर, बीपी की जांच, आयुष्मान कार्ड निर्माण आदि जैसे अनेक स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से लाभांवित करने के लिए कहा। इन बसाहटों में टीबी मरीजों का कांटेक्ट ट्रेसिंग कर उन्हें दवाइयां, निक्षय मित्रों से अटैच करने तथा टेस्ट का रेशियो पूरा करने की बात कही। उन्होने निर्देश दिए कि स्कूलों में बच्चों की





आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड शिविर लगाकर बनायें। कलेक्टर ने नगरीय निकाय कटघोरा के शेष 1142 एवं छुरी के 371 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दी गई एंबुलेंस का संचालन नियमित से करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में डेंगू, डायरिया, मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु सतर्क रहने एवं सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक सभी तैयारियां सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। सभी केंद्रों में आवश्यक सभी दवाइयां की शत प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही वनांचल सहित मैदानी क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों का संक्रमण से बचाव के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित करते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों से कोई भी मृत्यु नहीं होनी चाहिए, सभी स्वास्थ्य अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने डेंगू, मलेरिया के संक्रमण के रोकथाम हेतु जनजागरूकता लाने के लिए कहा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सब हेल्थ सेंटर में संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने दिए निर्देश

जिले में संस्थागत प्रसव की उपलब्धि की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शत प्रतिशत प्रसव संस्थागत कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सब हेल्थ सेंटर में संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने की बात कही। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में माह में 10 प्रसव तथा उप स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव अनिवार्य रूप से कराने के लिए कहा। इस हेतु मितानिनों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का पंजीयन उनका नियमित स्वास्थ्य जांच एवं फालोअप लेने की हिदायत दी। उन्होंने मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु आवश्यक सभी प्रयास करने की बात कही। बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की टीका, कुष्ठ उन्मूलन, क्षय रोग, टी.बी. एड्स, हाइपरटेंशन, अंधत्व निवारण, कृमिनाशक एवं विटामिन दवा, मनोरोग चिकित्सा, लैब आन व्हील्स कार्यक्रम की भी समीक्षा करते हुए योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सभी अधिकारियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री वसंत ने सिकलसेल स्क्रीनिंग समय-समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिनकी स्क्रीनिंग हो चुकी उन्हे सिकलसेल स्क्रीनिंग कार्ड वितरित किये जायें। चिरायु अन्तर्गत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण पूर्ण करें। इसके तहत स्कूली बच्चों का एक बार एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों का दो बार स्वास्थ्य परीक्षण किया जाये। चिरायु अन्तर्गत बच्चों का उपचार लगातार किया जाये।डीएमएफ मद के तहत नियुक्त किए गये चार दंत चिकित्सकों में से तीन चिकित्सकों ने क्रमशः कटघोरा, पोंड़ी उपरोड़ा एवं पताढ़ी में अपनी ड्यूटी ज्वाइन कर लिये है। करतला में चयनित चिकित्सक द्वारा ड्यटी ज्वाइन नहीं करने पर प्रतीक्षा सूची से चिकित्सक का चयन करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य के क्षेत्र में कायाकल्प वार्षिक अवार्ड के लिए प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को अपडेट करने के निर्देश दिए।

## कृतिदेव शुकवारो बाई और आशो बाई को जरूरत के समय किसी से पैसे मांगने की नहीं पड़ती जरूरतम

### महतारी वंदन योजना की राशि से होता है जरूरी काम



**कोरबा ।** विकासखण्ड कोरबा अंतर्गत ग्राम खेतार की लगभग 70 वर्षीय वृद्धा आशो बाई को कुछ माह पहले तक अपनी छोटी-छोटी जरूरतों की पूर्ति के लिए कुछ लोगों से पैसे मांगने की आवश्यकता पड़ती थी। कई बार कुछ रूपए के लिए उन्हें लंबा इंतजार भी करना पड़ता था। अब जबकि महतारी वंदन योजना से हर महीने खाते में 01 हजार रूपए समय पर मिल जाते हैं तो वृद्धा आशो बाई को किसी के आगे रूपए के लिए हाथ फैलाने जैसी नौबत नहीं आती है। ग्राम खेतार की वृद्धा आशो बाई ने बताया कि उम्र के साथ ही उन्हें कुछ भी काम करने में परेशानी है वह किसी तरह छोटे-मोटे घरेलू काम कर लेती है। घर के आसपास अपने बकरियों को चरा लेती है। उन्होंने बताया कि विगत माह महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का आहरण किया है। इस राशि का उपयोग अपने घर के लिए जरूरी सामग्री खरीदने, उपचार और बीमारी के दौरान दवा, फल आदि में किया है। बेला की शुकवारो बाई ने बताया कि हर महीने महतारी वंदन योजना के राशि का इंतजार रहता है। राशि समय पर खाते में आते ही उन्हें बहुत राहत मिलती है। यह राशि हमारे बड़े काम की होती है।

उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू किए जाने के बाद हम जैसी वृद्ध महिलाओं के लिए यह वरदान साबित हो रही है। हर महीने खाते में 01 हजार की राशि प्राप्त हो जाती है, इससे छोटी-मोटी जरूरतें हम पूरी कर लेते हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना लागू किए जाने से ग्रामीण क्षेत्र की गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को बहुत लाभ पहुंचने की बात कही और इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार के प्रति आभार भी प्रकट किया।

## राज्योत्सव - 2024 का आयोजन 05 नवंबर को

**कोरबा।** जिला मुख्यालय अंतर्गत ओपन ऑडिटोरियम घण्टाघर चौक कोरबा में एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन 05 नवंबर को किया जा रहा है। स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।राज्योत्सव-2024 में कोरबा जिले के प्रतिष्ठित / ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति देना चाहते हो उनसे निर्धारित प्रारूप अनुसार आवश्यक दस्तावेज / सी. डी. / पेन ड्राईव / गूगल फॉम में अपलोड/वेबसाईट लिंक ( यूटयूब लिंक इत्यादि) सहित प्रविष्टि दिनांक 30 अक्टूबर को दोपहर 02.00 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरबा में आमंत्रित किया गया है।

## गजराजों ने तोड़ा 90 वर्षीय बुजुर्गमहिला व बेटे का घर

### .. बेघर हुई महिला.. 5 माह बाद भी अब तक नहीं मिला मुआवजा



कोरबा/कटघोरा । कटघोरा वन मंडल अंतर्गत ऐतमानगर रेंज के ग्राम बंजारी के आश्रित ग्राम कटमोरगा की एक 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला के घर कों 5 माह पूर्व हाथियों ने तोड़कर तबाह कर दिया, जहाँ बुजुर्ग महिला बेघर हो गई। उसके बाद महिला अपने बेटे के घर मे रहने लगी जहाँ हाथीयों ने उसके बेटे के भी घर की दिवार तोड़कर खोखला कर दिया। महिला का नाम मथनकुंवर है हाथियों द्वारा हुए नुकसान का आकलन करने वन विभाग कि टीम तों पहुंची जहाँ मुआवजे का प्रकरण भी बनाया गया लेकिन राशि 5 माह बीतने के बाद भी आज तक नहीं मिली। महिला दर दर भटकने कों मजबूर है।

कटमोरगा निवासी मथनकुंवर के घर कों हाथियों ने किस कदर छतिग्रस्त किया इन तस्वीरो मे साफ देख सकते हैं, हाथियों के उत्पात से भयभीत ग्रामीण रात-रातभर मशाल लेकर रतजगा कर रहे है। उनकी आंखों में दहशत साफ साफ देखी जा सकती है। दरअसल मथनकुंवर सब्जी भाजी बेचकर किसी तरह अपना जीवन व्यापन कर रही है। घर टूट जाने के बाद महिला अपने बेटे के पास रहने लगी थी लेकिन हाथियों ने उसके बेटे के भी घर कों नहीं बख्सा और हाथियों के झुंड ने घर कि दिवार तोड़कर खोखला कर दिया। घटना के बाद फारेस्ट कि टीम मौके पर पहुंची जहाँ मुवावजा राशि का प्रकरण भी बनाया गया लेकिन 5 माह बीतने के बाद भी राशी नहीं मिली। वही महिला कों राशि नहीं मिलने से टूटे हुए घर कि हालत जस कि तस बनी हुई है। कटघोरा वन मण्डल द्वारा देर से राशि देने कि शिकायत कई मर्तबा कि गई, लेकिन लापरवाह विभाग के कर्मचारी द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिसका खामियाजा वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों कों भुगतना पड़ता है।

## खेल से छात्र सीखता है लीडरशीप का गुण :डॉ. संजय गुप्ता

कोरबा। दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया जिसमें प्री-प्रायमरी एवं प्रायमरी कक्षा के अनेक खेलों में बच्चों और उनके साथ अभिभावकों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती संतोषी दीवान( अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दीपका) , कैप्टन ए.के. सिंह, (जी. एम. (एडमिन), एसीबी ) एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रम्भा मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यालय ध्वजारोहण के पश्चात परेड की सलामी और रंगारंग कार्यक्रम के साथ खेल दिवस की शुरूआत की गई और खेल दिवस के मशाल को प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि ने एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2024 के प्रारंभ की घोषणा की ।

स्कुल मैदान में अनेक प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें *नर्सरीकक्षा के विद्यार्थियों हेतु हरडल रेस ,बस्टिंग द बॉल ,बेकेट और बाल, प्लेग्रुप के विद्यार्थियों हेतु एनिमल रेस, एलजी के विद्यार्थियों हेतु अरेंज द कोइंस, बैलेंसिंग रेस, यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए रिले रेस, मेक द पिरामिड, क्लास 1 के विद्यार्थियों हेतु स्पून रेस, लेमन रेस, बैलून रेस, बाल रेस, क्लास 2 के विद्यार्थियों के लिए सैक रेस, फ्लैट रेस, पेपर बॉल और बैलेंस रेस शामिल थे। ।

प्रतियोगिता के साथ अभिभावकों के लिए विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया इस आयोजन में अभिभावकों के लिए विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । महिलाओं के लिए टग ऑफ वार का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का भी सभी ने खूब आनंद लिया। सभी विजेताओं को स्वर्ण,रजत एवं कांस्य पदक से मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया ।

सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ ही विद्यालय की



शैक्षणिक प्रभारी श्रीमती सोमा सरकार का विशेष योगदान रहा।

श्रीमती संतोषी दीवान (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद दीपका ) ने कहा कि वस्तुत: खेल मनोरंजन और शक्ति के सम्पूरक हैं। खेलों से खिलाड़ियों का शरीर स्वस्थ तथा मजबूत बनता है, उनके शरीर में चुस्ती, स्फूर्ति और शक्ति आती है। खेलने से शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है। खेलों में भाग लेने से मानसिक तनाव कम हो जाता है, शरीर के पूर्ण स्वस्थ होने से उसमें रोग-निरोधक क्षमता आ जाती है।कैप्टन ए. के. सिंह (जीएम एडमिन) एसीबी इंडिया लिमिटेड ने कहा कि स्वस्थ शरीर में जीवन का आनन्द निहित माना गया है। शरीर यदि रोगों का घर है, तो वह आनन्द का भी भण्डार है। इसके लिए यह जरूरी है कि तन के साथ मन भी स्वस्थ रहे। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम, योगासन तथा खेलकूद आदि का विशेष महत्त्व है। इनमें भी खेलों का अनेक कारणों से महत्वपूर्ण स्थान है।विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में खेलकूद की सुविधाएँ इसीलिए उपलब्ध कराई जाती हैं, ताकि युवकों के व्यक्तित्व का निर्माण हो सके। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन में स्वस्थ आत्मा निवास करती है। खेलों में भाग लेने से जहाँ शारीरिक क्षमता की वृद्धि होती है, वहाँ व्यक्ति के चरित्र का भी विकास होता है । वह अन्याय, शोषण, उत्पीड़न एवं अनाचार का साहस और दृढ़ता से मुकाबला कर सकता है। महापुरुषों के जीवन पर दृष्टि डालें, तो श्रीराम, श्रीकृष्ण, अर्जुन, महाराणा प्रताप, शिवाजी, स्वामी विवेकानन्द आदि सब शक्तिशाली थे। वे किसी-न-किसी प्रकार की शारीरिक विद्या एवं कौशल में प्रवीण थे। इसी कारण वे यशस्वी बने। अस्वस्थ व्यक्ति तो स्वयं के लिए बोझ होता है। अतएव व्यक्तित्व के निर्माण के लिए खेलों का विशेष महत्व है।श्रीमती रम्भा मिश्रा प्रेसिडेंट महिला समिति ने अपने बोधन में कहा कि खेलों में भाग लेने से ऐसी भावना का विकास होता है, जिससे आदमी सुख और द:ख में एकसमान रहता है। खेल-भावना के कारण हार और जीत को सहजता से लिया जाता है तथा परस्पर मैत्री भावना का विकास होता है। खेलों से ओजस्वी एवं उदात्त स्वभाव के साथ सहजता का गुण आ जाता है। प्रतिस्पर्धा बढ़ने से लक्ष्य प्राप्त करने की भावना इससे बढ़ती है।डॉक्टर संजय गुप्ता प्राचार्य इंडस पब्लिक स्कूल दीपका ने कहा कि* खेलों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास तो होता ही है साथ ही साथ वे अध्ययन के साथ सामंजस्य बनाकर सतत् अपने मुकाम की ओर अग्रसर होते हैं । खेल विद्यार्थी जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । जिस प्रकार नाम, प्रसिध्दि और पैसा प्राप्त करने के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है । उसी प्रकार स्वस्थ्य शरीर और मस्तिष्क प्राप्त करने के लिए खेल आवश्यक है ।

खेल गतिविधियों में शामिल होना प्रत्येक विद्यार्थियों के लिए बहुत आवश्यक है । यह न केवल शारीरिक ताकत प्रदान करता है बल्कि, यह मानसिक शक्ति को बढ़ाता है । किसी भी व्यक्ति की सफलता मानसिक और शारीरिक ऊर्जा पर निर्भर करती है और खेल इसका सशक्त माध्यम है ।जीवन में खेलों का विशेष महत्त्व है। मानसिक एवं शारीरिक विकास सन्तुलित होता रहे, इसी बात को ध्यान में रखकर विद्यार्थियों को खेलकूद एवं व्यायाम आदि का शिक्षण-प्रशिक्षण दिया जाता है। व्यक्तिगत जीवन से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक खेलों से जो लाभ मिलता है, उससे खेलों का महत्त्व स्वत: ज्ञात हो जाता है।

## शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने आयोजित किया स्वास्थ्य कार्यक्रम

कोरबा। जिले में 14 से 25 अक्टूबर तक शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मुफ्त परामर्श, रक्तचाप (बीपी) जांच, परिवार नियोजन और कल्याण पर परामर्श, और एचआईवी/एड्स जागरूकता प्रदान की गई। हाइपरटेंशन जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में, लोगों को जानकारी दी गई और बीपी परीक्षण किए गए। उन्हें स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित स्वास्थ्य जांच, और धूम्रपान व शराब से बचने की सलाह भी दी गई।

इसी प्रकार, झुग्गी बस्तियों के पुरुषों और महिलाओं को परिवार नियोजन के लाभ, विभिन्न तरीकों और स्थायी व अस्थायी समाधानों के बारे में शिक्षित किया गया। उन्हें बताया गया कि पुरुष और महिला दोनों नसबंदी करवा सकते हैं, और परामर्शदाताओं ने परिवार नियोजन के बारे में फैले मिथकों को दूर किया। एक सूचनात्मक और इंटरैक्टिव एचआईवी जागरूकता सत्र भी कोरबा में ट्रक ड्राइवरों के साथ आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य ड्राइवरों और ट्रक चालकों में एचआईवी की रोकथाम, उपचार, और प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। उनकी भागीदारी से चर्चा में एक महत्वपूर्ण पहलू जुड़ा, जिसमें उन्होंने एचआईवी-पॉजिटिव व्यक्तियों के लिए समय पर परीक्षण और सतत उपचार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने रोकथाम के उपायों पर जानकारी साझा की और बीमारी के बारे में मिथकों और भ्रांतियों को दूर करने में सहायता की।

जिन लोगों को आवश्यकता थी, उनके लिए मुफ्त शुगर (मधुमेह) परीक्षण भी किए गए और उन्हें नियंत्रण उपायों के बारे में शिक्षित किया गया। इस अभियान के माध्यम से, शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने समाज में जागरूकता बढ़ाने, पुरुषों और महिलाओं में स्वास्थ्य साक्षरता में सुधार करने और स्वास्थ्य संबंधी पठन सामग्री वितरित करने का उद्देश्य रखा। इस कार्यक्रम से 700+ पुरुष और महिलाएं लाभान्वित हुए। यह आयोजन स्वयंसेवकों की मदद से किया गया। ये सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम बेल्जियम के शाही परिवार की स्मृति में, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों के समर्थन से आयोजित किए गए।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर 29 अक्टूबर को भगवान धनवंतरी की जयंती पर विशेष समारोह आयोजित

कोरबा । विश्व कल्याण की मंगल भावना, आरोग्य तथा धन सम्पदा को संरक्षित एवं संवर्धित करने, आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान् श्री धनवन्तरी की जयंती एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी मंगलवार 29 अक्टूबर को इस वर्ष की थीम वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार पर प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में, डॉ. उदय शर्मा जिला आयुर्वेद अधिकारी कोरबा की अध्यक्षता में आयुष मेडिकल एसोसिएशन, शिव औषधालय एवं पतंजलि चिकित्सालय के संयुक्त संयोजकत्व में मध्यान्ह 1 बजे श्री शिव औषधालय एम.आई.जी.20, आर.पी. नगर फेस 2 कोसाबाड़ी निहारिका में मनाई जाएगी। जिसमे सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामया:।। की मंगल कामना के साथ पूर्ण विधि-विधान के साथ आयर्वेद प्रवर्तक भगवान श्री धनवंतरी की सामूहिक पूजन एवं आरती की जाएगी।आयुष मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष, श्री शिव औषधालय के संचालक चिकित्सक डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया कि धनवंतरी जयंती समारोह में जांजगीर-चांपा जिले एवं कोरबा जिले के एक शाम शहीदों के नाम के सुप्रसिद्ध गायक डॉ. रवि शराफ एवं संदीप शर्मा अपनी सुमधुर आवाज में देशभक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति देंगे। डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा ने सभी चिकित्सक, आयुर्वेद मनीषी, आयुर्वेद प्रेमीजन, धर्मावलंबी, आयुर्वेद में आस्था रखने वाले तथा अंचलवासियों से उपस्थित होकर आरोग्य के देवता भगवान धनवंतरी के पूजन-अर्चन हेतु धनवन्तरी जयंती समारोह, राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस में सम्मिलित होने अपील की हैं।

## कोरबा-कुसमुंडा फोरलेन मार्ग पर हुआ हादसा

कोरबा । कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में कोरबा-कुसमुंडा फोरलेन मार्ग बन रहा हैं, सडक़ निर्माण के साथ-साथ डिवाइडर निर्माण का कार्य भी समान रूप से हुआ है, परंतु स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था पर ध्यान नहीं देने से इस मार्ग पर अंधेरा पसरा हुआ है। ऐसे में आए दिन हादसे हो रहे है। जानकारी के अनुसार बालको भदरापारा निवासी तीन मित्र पंकज बिंझवार, अंकुश कुशवाहा, शशांक सोनी मोटरसाइकल पर दीपका से घर जा रहें थे। इस दौरान कोरबा-कुसमुंडा मार्ग के वैशाली नगर और बरमपुर मोड के ठीक मध्य स्थित 6 नंबर बैरियर के पास मिट्टी के ढेर से जा टकराई। जिससे तीनों सड़क पर जा गिरे। इस घटना में पंकज बिंझवार को गंभीर चोट लगी है, वहीं अन्य को भी अंदरूनी चोटें आई है। तीनों को एक स्थानीय युवक ने अपने वाहन से विकास नगर स्थित अस्पताल पहुंचाया।

## बैंकिग ठगों से सचेत रहें उपभोक्ता: मनीष

कोरबा। चांपा समर्पित संस्था द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज कोरबा जिला के कमला नेहरू महाविद्यालय विकासखण्ड कोरबा में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं उनके हितार्थ वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरुक करना था एवं कार्यशाला में प्रशिक्षित प्रतिभागियों के माध्यम से समुदाय के बीच इसका व्यापक प्रचार प्रसार करवाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में नरोत्तम सिंह ठाकुर उपस्थित थे। कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुये मनीष शर्मा अध्यक्ष बाल कल्याण संघ कोरबा जिला ने कहा कि समाज की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है कि वो बचत को प्रोत्साहित करें, क्योंकि बचत के द्वारा ही हम अपने भविष्य को सुरक्षित व संरक्षित कर सकते हैं। उन्होंनें कहा कि हमें अपनी बचत राशि को बैंक में ही जमा करवानी चाहिये, जिससे कि हमारा धन सुरक्षित तो रहेगा ही साथ ही हम बैंक की ब्याज, ऋण, बीमा, आदि योजनाओं का भी लाभ उठा सकतें हैं। उन्होनें ने कहा कि वित्तीय साक्षरता के माध्यम से जमाकर्ता अपनी जमापूँजी का बेहतर उपयोग कर अपनी आर्थिक सितिथि को सुदृढ व सुरक्षित कर सकता है। उन्होंनें बैक उपभोक्ताओं को बैंकिंग ठगों के प्रति जागरुक रहने कि आवश्यकता पर बल दिया। समर्पित संस्था के अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्य व औचित्य पर बताया कि जमाकर्ताओं को यदि बैंक से किसी भी तरह की कोई शिकायत है या उसे ऐसा लगता है कि संबंधित बैंक उसके अधिकारों का हन्न कर रहा है तो उसे तत्काल बैंकिंग लोकपाल के पास अपनी शिकायत दर्ज करवानी चाहिये। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनरों श्री नाजनीन अलीव संतोषी बधेवा ने लेक्चर, प्रोजेक्टर, समूह चर्चा, शंका समाधान आदि माध्यमों से उपर्सि्थ्ति प्रतिभागियों को बैंक खाता खुलवाने, उसका संचालन, बचत योजना, वित्त का प्रबंधन, के.वाय.सी. प्रक्रिया, बैंक ऋण, ऋण संबंधित उपभोक्ताओं के अधिकार, जमाकर्ताओं के अधिकार, बैंकिंग लोकपाल, चिटफंड कंपनियों, नान बैंकिंग फाइनेंस कंपनी आदि की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यशाला को सफल बनाने में संस्था की परियोजना संचालक मिर्जा नाजनीन अली, नीलकमल भारद्वाज, सेलोषी बघेल कार्तिक साहू, राशी ताम्रकार, सोफिया खान, किरण कंवर, संतोष खैरवार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# शिविर में की गई जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा, बढ़ा आक्रोश

**सक्ती।** जिले के डभरा विकासखंड के हायर सेकेण्ड्री स्कूल किरारी में शुक्रवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रशासन द्वारा बुलाया नहीं गया था। इसे लेकर उन्होंने नाराजगी जताई है। जिला पंचायत सदस्यों ने प्रशासन पर शिविर की केवल औपचारिकता निभाने और उपेक्षा करने का आरोप लगाया है।

राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने और उनकी समस्यों को दूर करने के लिए गांव गांव में जिला प्रशासन के द्वारा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में शुक्रवार को ग्राम किरारी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। मगर जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की गई।

वहीं शिवर का प्रचार प्रसार नहीं किए जाने के कारण लोगों को शिविर का लाभ नहीं मिल सका। शिविर में कलेक्टर के उपस्थित होने के बाद भी आम जनमानस की उपस्थिति नाम मात्र की थी। जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर होने के बावजूद भी कम संख्या में लोगों का उपस्थित होना क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बना हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि जिला पंचायत सदस्यों तक को शिविर की सूचना नहीं दी गई थी। शिविर में भीड दिखाने के लिए मितानिनों और महिला समूह की महिलाओं को बुला लिया गया था।



**जिला पंचायत अध्यक्ष को आधे घंटे पहले दी सूचना**

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में अधिकारियों के द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष यनिता खुशवंत चंद्रा की भी उपेक्षा की गई। शिविर शुरू होने के पहले उनके मोबाइल में फोन कर शिविर की सूचना दी गई और उन्हें आमंत्रित किया गया। उन्होंने बताया कि अचानक मिली सूचना के चलते वे शिविर में शामिल नहीं हो सकी।

क्षेत्र की निर्वाचित जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्हें जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर की सूचना प्रशासन के द्वारा दिया जाना चाहिए था। मगर कोई सूचना नहीं दी गई थी। कार्यक्रम में उनकी उपेक्षा की गई है। जिला प्रशासन शिविर की केवल औपचारिकता निभा रही है।

कविता पटेल

**सदस्य, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 24**

ग्राम किरारी उनके निर्वाचन क्षेत्र में आता है। जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन ग्राम किरारी के स्कूल प्रांगण में किया गया मगर क्षेत्र की निर्वाचित जनप्रतिनिधि होने के बाद उन्हें प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा नहीं दी गई। कार्यक्रम में उनकी उपेक्षा की गई है। जिला प्रशासन शिविर की केवल खानापूर्ति कर रही है।

रामबाई सिदार

सदस्य, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 25

## राखड़ डंपिंग करने वालों पर भड़के डा. महंत, कहा- ट्रकों के टायर करें पंक्चर

**सक्ती।** जिले में जगह जगह हो रहे राखड डंपिंग और इससे लोगों को होने वाली परेशानी को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत ने बडा बयान दिया है। महंत ने कहा है कि राखड़ डंपिंग करने वाले अति कर रहे है। इन्हें सबक सिखाने के लिए जनता को जागरूक होकर दुस्साहस भी करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि राखड गाडियों को पंचर करें और जरूरत पड़ने पर नहीं मानने वाले चालकों की ज्यादा नहीं पर कुछ खातिरदारी जरूर करें। सक्ती में नगरीय प्रशासन व पंचायत कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र में राखड़ डंप करने की समस्या बढ़ गई है। यहां जो उद्योग चल रहे है, उससे निकलने वाले राखड़ को गड्ढों में भरने के लिए ठेकेदार को पैसा मिलता है।

किरारी जनसमस्या निवारण शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षाकिरारी जनसमस्या निवारण शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा

जो गाडियां राखड़ लेकर निकलती है, उन्हें भी चिन्हित स्थानों पर डालने के लिए निर्धारित किराया मिलता है। इसके बाद भी राखड़ अवैध रूप से जहा




तहां डंप कर दिया जाता है। ना केवल खाली जमीन पर बल्कि किसानों के खेतों के आसपास बड़ी मात्रा में अवैध रूप से राखड़ डाले जा रहे है। ऐसी स्थिति में अब जनता को जागरूक होना पड़ेगा।

जनता जागरूक होकर विरोध करे। इसके साथ कुछ दुस्साहस भी करना चाहिए। अवैध रूप से राखड़ डंप करने वाली गाडियों के सभी टॉयरों को पंचर कर देना चाहिए। ट्रक चालकों की कुछ खातिरदारी होनी चाहिए। जनता विरोध करेगी, तब इस समस्या का समाधान निकलेगा।

## नियमों को ताक में रखकर पटाखा दुकानों का निर्माण

**जांजगीर-चांपा।** दिवाली के दौरान लगने वाली पटाखा दुकानों का संचालन इस बार भी कपड़े और बांस बल्ली के टेंट में नहीं किया जाना है। लोहे के पाईप या एंगल के सहारे टिन शेड बनाकर पटाखा दुकान बनाया जाना है ।

मगर मगर जिला मुख्यालय जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में लगने वाली पटाखा दुकानों के लिए जिला सेनानी नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं जांजगीर द्वारा जारी नियमों को दर किनार कर कपडे और बांस बल्ली की दुकानें तैयार की जा रही है। ऐसे में एक चिंगारी तबाही मचा सकती है।दो साल पहले एक पटाखा दुकान में आग भी लग गई थी।

पटाखा दुकानों के लिए जिला मुख्यालय जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में तैयारी शुरू हो गई है। नगर पालिका के द्वारा व्यापारियों को दुकानों का नंबर भी आबंटित कर दिया गया है। हाईस्कूल मैदान में करीब 60 से अधिक दुकानें लगेंगी। मगर पटाखा दुकानों के निर्माण में इस बार अग्निशमन एवं जिला सेनानी नगर सेना द्वारा जारी



किए गए नियम शर्तों को दरकिनार कर नगर पालिका के द्वारा दुकानों का निर्माण कपडे और बांस बल्ली से कराया जा रहा है।

जबकि आदेश में लिखा है कि कपड़े और बांस बल्ली के टेंट में दुकान नहीं लगाया जाना है। पटाखा दुकानों पर पांच किलो क्षमता का डीसीपी अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य है। पटाखा दुकानों में किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादी का न होकर, अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए।

**तीन मीटर की दूरी जरूरी मगर यहां एक फीट भी नहीं**

पटाखा दुकान एक-दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी पर एवं एक - दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश की व्यवस्था के लिये किसी भी प्रकार के तेल का लैम्प, गैस लेम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाईन्ट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। दुकाने ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके उपर से हाईटेंशन पावर लाईन न गुजरती हो।

पटाखा दुकान लगाने के लिए अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं विभाग द्वारा जारी नियमों की जानकारी नहीं है। यदि नियम के तहत दुकान नहीं बनाए गए हैं तो उसमें सुधार कराया जाएगा।

राजकुमार मरावी

तहसीलदार, जांजगीर



## दाना तूफान के कारण ठंड का असर कम

**जांजगीर।** दाना तूफान से जिले में ठंड का असर अभी कम है। शनिवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री व न्यूनतम पारा 21 डिग्री के आस पास रहा है। रविवार को दिन बादल रहेंगे। शाम-रात में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। तूफान का असर अगले एक दो दिन तक रहेगा। इस वजह से अगले कुछ दिन वातावरण में नमी रहेगी। ठंड की स्थिति को लेकर मौसम विभाग का कहना है कि दाना तूफान का असर खत्म होने के बाद प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। साथ ही अक्टूबर माह के अंत तक प्रदेश में गुलाबी ठंड की दस्तक हो जाएगी। आज 27 अक्टूबर को तूफान के असर के कारण हल्की बारिश हो सकती है।

## बच्चों को डूबने से बचाया, मिला सम्मान



**जांजगीर।** अनियंत्रित होकर स्कूल वैन पिसौद एनीकट सोन नदी मेंं गरी तो 19 छात्रों को चारों युवकों ने डूबने से बचा लिया। उनके साहसिक कार्य के लिए शनिवार को हसौद थाने में उनका सम्मान किया।

23 अक्टूबर को हैप्पी पब्लिक स्कूल हसौद की स्कूल वैन सुबह बरेकेल खुर्द, पिसौद के बच्चों को लेकर सोन नदी में बने एनीकट से होकर हसौद जा रही थी। उसी दौरान वैन अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। स्कूल वैन में 19 स्कूली बच्चे सवार थे जो डूब रहे थे। इन्हें पिसौद के बीरबल यादव, संतोष कुमार यादव, हसौद के महेन्द्र भार्गव और धमनी के विकास कोयल ने साहस दिखाते हुए सोन नदी के पानी से सकुशल बाहर निकाल लिया। उनके इस नेक काम के लिए अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चंद्रपुर (डभरा) ने उनका सम्मान किया।

## महिला जागृति के पदाधिकारियों ने बच्चों के साथ मनाई दीपावली

**सक्ती।** दीपावली पर्व के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा ने दिवाली नगर के शासकीय स्कूल सोंथी में पटाखे मिठाई बिस्कुट और अन्य सामग्री वितरण किया। इसमें प्रमुख रूप से उषा अग्रवाल, रीना गेवाडीन, रिंकी अग्रवाल, आशा गोयल, सारिका अग्रवाल, सविता गोयल, रेखा अग्रवाल, मधु अग्रवाल, अशोक यादव जनपद सदस्य, देव डेंसिल प्रधान पाठक, हीरानंद साहू, रक्षक कुमार कश्यप, नीता निशा गुप्ता चौधरी, रजनी सिडार, गीता कंवर व अन्य शिक्षक कर्मचारी और बच्चे शामिल थे।



## त्योहारी सीजन में जांजगीर से चांपा रोड पर जाम का संकट

**जांजगीर।** दिवाली की खरीदारी शुरू होते ही शहर में लोगों की भीड़ बढ़ गई है। देर शाम के बाद लोग बाजार की ओर निकल रहे हैं। ऐसे में अब ट्रैफिक जाम की परेशानी भी सामने आने लगी है। शाम 7 बजे बाद जांजगीर से चांपा जाने वाले रास्ते पर जाम लगती रही है। इस सड़क पर सुबह और शाम यातायात दबाव बढ़ गया है। वहीं नहर के पास हादसा होने का खतरा बना रहता है। चांपा रोड में वाहनों के शो-रूम के आस पास जाम की स्थिति बनी रहती है।

## हादसे की आशंका: यह ठंड में छाया कोहरा नहीं बल्कि क्रशर से उड़ती धूल का गुबार है

**जांजगीर।** यह तस्वीर ठंड में छाए कोहरे की नहीं बल्कि क्रशर खदान से उड़ती धूल की है। इससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालक काफी परेशान हो रहे हैं। यह क्रशर सलखन से सेमरा जाने वाले रोड पर धान मंडी के आगे स्थित है। इस क्रशर में एनजीटी के नियमों का पालन नहीं हो रहा है। ऐसे में यहां से होने वाले वायु प्रदूषण से ग्रामीण परेशान हैं। पानी का छिड़काव नहीं होने से सड़क से आने-जाने वाले लोगों धूल के गुबार का सामना करना पड़ता है। धूल से लोगों की आंखें बंद हो जाती है। इससे हमेशा सड़क हादसा होने की आशंका है। प्रशासन भी ध्यान नहीं दे रहा है।

## रमेश जायसवाल भी बने टीआई, कांकेर ट्रांसफर

सक्ती। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर ने प्रदेश के 26 उप निरीक्षकों को पदोन्नति कर निरीक्षक बनाया है। उपरोक्त आदेश पुलिस मुख्यालय से जारी हुआ है, जिसमें नवगठित जिला मुख्यालय सक्ती के वार्ड नंबर 5 पुरेन्हापारापारा के प्रतिष्ठित नागरिक डीआर जायसवाल और श्यामा जायसवाल के पुत्र रमेश कुमार जायसवाल की पदोन्नति निरीक्षक पद पर हुई है। 24 अक्टूबर को पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा जारी आदेश में छत्तीसगढ़ के 26 उप निरीक्षकों को निरीक्षक पद पर पदोन्नति दी है, जिसमें सक्ती निवासी रमेश कुमार जायसवाल भी शामिल है। वर्तमान में उनकी पदस्थापना पुलिस पब्लिक स्कूल रायपुर में है।

## पंजीयन विभाः ऑनलाइन सर्च व नकल सुविधा शुरू

**जांजगीर।** नागरिकों की सुविधा और पंजीयन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से पंजीयन विभाग में ऑनलाइन सर्च और नकल की सुविधा शुरू की है। इसमें अब संपत्ति संबंधी रजिस्ट्री की जानकारी और सत्यापित प्रति(नकल) घर बैठे ऑनलाइन प्राप्त की जा सकती है।

नई सुविधा से नागरिक संपत्ति क्रय-विक्रय से पहले उसकी रजिस्ट्री और संबंधित लेन-देन का विवरण आसानी से देख सकेंगे। किसी भी संपत्ति को खरीदने से पहले इच्छुक व्यक्ति निर्धारित शुल्क जमा कर पक्षकार का नाम, ग्राम, खसरा नंबर आदि दर्ज कर उस संपत्ति से संबंधित सभी रजिस्ट्री दस्तावेज को खोज सकते हैं। इसके अलावा लोग ऑनलाइन सत्यापित रजिस्ट्री की प्रति(नकल) भी डाउनलोड कर सकेंगे। इससे रजिस्ट्री ऑफिस के चक्कर काटने की जरूरत खत्म हो जाएगी। भीड़भाड़ में भी कमी आएगी। यह सुविधा न केवल आम जनता के लिए बल्कि वित्तीय संस्थाओं और अन्य हितधारकों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा।

बैंक और वित्तीय संस्थान संपत्ति के विरुद्ध ऋण देते समय सर्च रिपोर्ट की मांग करते हैं। अब वे भी एक क्लिक के जरिए यह जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और आवश्यक रजिस्ट्री की प्रति डाउनलोड कर सकेंगे।

रजिस्ट्री ऑफिस जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी इस नई सुविधा संपत्ति क्रय-विक्रय से पहले सही जानकारी प्राप्त कर धोखाधड़ी से बचाव और रजिस्ट्री खो जाने पर सत्यापित प्रति आसानी से पाने सहायक होगी। इसी तरह रजिस्ट्री ऑफिस में भीड़भाड़ कम होने से लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। नागरिकों को संपत्ति संबंधी मामलों में निर्णय लेने में सहायता मिलेगी।

## जल जीवन मिशन के कार्यों को तय समय में पूरा करें: विकास

**सक्ती।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर तोपनो ने जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के विभागीय अधिकारियों सहित जल जीवन मिशन के संबंधित ठेकेदार भी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को चल रहे कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग कर प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। अप्रारंभ व धीमी प्रगति वाले कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कामकाज में गति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन के सभी कार्यों को निर्धारित समय पर पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। कार्यों में वांछित प्रगति नहीं आने पर संबंधित ठेकेदारों के अनुबंध निरस्त करने सहित आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में आवश्यकतानुसार अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं के निराकरण तत्काल करने के लिए निर्देशित किए।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
विविध कार्यों हेतु ई-निविदा सूचना
क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-94-24-25, दि. 18-10-2024 कार्य : बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/चाम्पा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नैला गुड्स शेड में गैलवेल्यूम शीटसह रिपेकलर एवं अन्य संबद्ध विविध कार्यों का प्रावधान। निविदा मूल्य: 3,81,03,983/-, अमानत राशि: ₹ 2,40,500/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह।
क्र.सं. (2) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-98-24-25, दि. 18-10-2024 कार्य : बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल इंजीनियर/रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत लेवल क्रॉसिंग का सुधार कार्य। निविदा मूल्य: 2,30,68,953/-, अमानत राशि: ₹ 2,65,400/-, कार्य पूर्णता की अवधि 12 माह।
क्र.सं. (3) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-99-24-25, दि. 18-10-2024 कार्य : बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल इंजीनियर/ब्रजराजनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत लेवल क्रॉसिंग का सुधार कार्य। निविदा मूल्य: 1,12,68,628/-, अमानत राशि: ₹ 2,06,400/-, कार्य पूर्णता की अवधि 12 माह।
निविदा जमा करने की आरंभ तिथि: 28.10.2024 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 11.11.2024 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

*हरदीबाजार। स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट स्कूल डोंगरी के छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक साहिल पटेल ने कॅरियर गाइडेंस को लेकर रोचक जानकारी दी।

न्यायालय तहसीलदार कोरबा
जिला- कोरबा (छ.ग.)
// ईश्तहार//
202410050600015
रा.प्र.क्र.- /ब-121/ 2024-25
ग्राम-कोरबा, प.ह.नं.16
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मीना अग्रवाल पति ओमप्रकाश अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी प्रथम तल ई सांई कुंज अग्रसेन भवन कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. कोरबा-1 स्थित ख.नं. 890/53, 890/54 शामिल 890/55, 890/56, 890/57, 890/58 कुल रकबा 0.145 हे. पर बुधिया बिल्डर्स एण्ड डेव्हलपर्स द्वारा आवासीय परिसर श्री सांई कुंज का निर्माण किया गया है, जिसके चतुर्थ तल पर स्थित प्रकोष्ठ क्र.F क्षेत्रफल 938 वर्गफीट को विक्रेता राजेश कुमार अग्रवाल पिता सुभाष चन्द्र अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी म.नं.20क पवन टॉकिज के सामने अग्रसेन गली कोरबा से पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 13/09/2024 को क्रय करने पश्चात् उक्त भूमि को अपने नाम पर कैफियत कॉलम में दर्ज किये जाने बाबत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दवा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 28.10.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 10.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।
सील
तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)

## दो पक्षों के बीच जमकर चले लात-घूंसे,2 नाबालिग समेत 12 लोग गिरफ्तार



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में शराब पीने से मना करने पर बदमाशों ने उनके घरों पर पथराव कर जमकर बवाल किया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट भी हुई। युवकों ने एक-दूसरे को लात-घूंसों से पीटा। जिसका सीटीटीवी वीडियो भी सामने आया है।

इस हमले में 4 लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने दोनों पक्षों से 2 नाबालिग समेत 12 युवकों को गिरफ्तार किया है। मामला कोनी थाना इलाके के ग्राम रमतला का है। दरअसल, शुक्र पुलिस बल तैनात रही।

तनाव के चलते शनिवार शाम तक गांव में पुलिस बल तैनात रही।


**दो पक्षों के विवाद के बाद गांव में तनाव**

इसके बाद शनिवार को दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बन गई। दो मोहल्ले के बीच यह विवाद का रूप ले लिया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस अफसर टीम के साथ गांव पहुंचे, जहां उन्होंने दोनों पक्षों के लोगों को समझाइश देकर मामला शांत कराया।

वहीं, दोनों पक्षों के लोग हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। हालांकि, पुलिस ने दोनों पक्षों से दो नाबालिग समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन पर प्रति ीवी के जरिए आरोपियों की पहचान की गई।

## मिट्टी के दीये की मांग बढ़ी, 20 से 40 रुपए दर्जन तक बिक रहे

**अकलतरा।** दिवाली पर्व के चलते नगर के शास्त्री चौक पर ग्राम बरगवां से मिट्टी के दीये लाकर कुम्हार बेच रहे हैं। ग्राहक बड़ी संख्या में मिट्टी के दीयों के साथ मिट्टी से बने हुए गुल्लक और अन्य सामानों की खरीदी कर रहे हैं। बरगवां से मिट्टी के दीये लाकर नगर में बेचने वाले राजेन्द्र कुंभकार ने बताया कि दीपावली पर्व के चलते कुम्हारों ने हजारों की संख्या में मिट्टी के दीये का निर्माण किया है। मिट्टी से बने हुए छोटे दीये 30 रुपये में 12, पूजा के बड़े दीये 20 से लेकर 40 रुपए में बेचे जा रहे हैं। मधु बाई कुंभकार ने बताया कि मिट्टी से बने हुए अगरबत्ती स्टैंड 20 रुपए में और गुल्लक 40 रुपये में बिक रहे हैं। पहल संस्था के राजेश अग्रवाल और वेल विशर फाउंडेशन संस्था की कोषाध्यक्ष रंजना सिंह ने बताया कि संस्था की ओर से क्षेत्र में मिट्टी से बने हुए दीये की खरीदी के लिए अपील की जा रही है।



## सार्वजनिक अखंड नवधा रामायण 1 से

**सक्ती।** ग्राम डोड़की में अखंड नवधा रामायण का 1 नवंबर से शुरू होगा। लगातार 12वें वर्ष यह आयोजन हिंदू समाज कराएगा। जगदीश प्रसाद गबेल ने बताया कि कथा की शुरुआत 1 नवंबर से होगी। वहीं सहस्त्रधारा 10 नवंबर को होगी। इस दौरान आयोजित मानस गायन स्पर्धा भी होगी। इसका फाइनल 10 नवंबर को रात 8 बजे होगा। इसमें प्रथम इनाम 9 हजार दिया जाएगा। कथा वाचन बरपाली कोरबा वाले विजय कुमार पाण्डेय होंगे। वहीं सहयोगी आचार्य हजारी लाल पाण्डेय राधापुर चंद्रपुर वाले होंगे।



## अनमोल वचन......

सब्र एक ऐसी सवारी है, जो अपने सवार को कभी गिरने नहीं देती,ना किसी के कदमों में ना किसी के नजरों में।

## आत्म-मंथन का विषय

*हर सेवा से पैसा कमाने का चलन अब मरीज की मजबूरी से फायदा उठाने तक पहुंच गया है। मांग एवं सप्लाई के सिद्धांत यहां भी लागू होना समाज की कैसी सूरत को जाहिर करता है, यह हम सबके लिए आत्म-मंथन का विषय है। तो अब यह चलन इलाज में पहुंच गया। बड़े प्राइवेट अस्पताल अब सर्जरी या बेड की प्राथमिकता मरीजों की जरूरत के हिसाब से नहीं, बल्कि इस हिसाब से तय कर रहे हैं कि उनमें से कौन ज्यादा पैसा देगा। मतलब यह कि अस्पताल में पहले से ज्यादा मरीज भर्ती हों, तो नए मरीज को इलाज के लिए ज्यादा पैसा देना पड़ेगा। ठीक उसी तरह जैसे विमान या ट्रेन यात्रा में देना पड़ता है। जैसे-जैसे यात्रियों की संख्या बढ़ती है, टिकट महंगे होते जाते हैं। यही तरीका अब अनेक अस्पताल अपना रहे हैं। इस बारे में आई छपी एक विस्तृत रिपोर्ट के मुताबिक हेल्थ सेक्टर में यह नया चलन देखने को मिल रहा है। इससे मरीजों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। मरीजों के साथ-साथ मेडिकल बीमा कंपनियों को बढ़ी हुई लागत उठानी पड़ रही है। खबर है कि बीमा कंपनियां इस सूरत को ध्यान में रख कर पॉलिसी प्रीमियम बढ़ाने जा रही हैं। बीमा कंपनियों के मुताबिक इलाज का खर्च साल-दर-साल बढ़ रहा है। इलाज खर्च सामान्य महंगाई की दर के मुकाबले 14 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। वैसे में अस्पताल सर्ज प्राइस के ताजा नियम से इलाज और महंगा बना रहे हैं। नए नियम के कारण इलाज खर्च में करीब 20 फीसदी की तेजी आई है। यहां तक कि अब रुटीन इलाज में भी अस्पताल नया नियम लागू करने लगे हैं। यानी इनमें भी पीक चार्ज लागू हो रहा है। जानकारों के मुताबिक अस्पतालों ने सिर्फ सर्ज प्राइस का नया नियम ही लागू नहीं किया है। बल्कि वे कई नए तरीके अपना रहे हैं, जिससे इलाज महंगा होता रहा है। मसलन, पहले एंजियोप्लास्टी अस्पताल एक पैकेज के रूप में करते थे। इसमें एंजियोग्राम और स्टेंटिंग को एक ही कीमत में शामिल किया जाता था। लेकिन अब कई अस्पताल इसके लिए वे अलग-अलग फीस वसूल रहे हैं। सार यह कि हर सेवा से पैसा कमाने का चलन अब मरीज की मजबूरी से फायदा उठाने तक पहुंच गया है। मांग एवं सप्लाई के सिद्धांत यहां भी लागू होना समाज की कैसी सूरत को जाहिर करता है, यह हम सबके लिए आत्म-मंथन का विषय है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। इस बीच आपके जीवनसाथी को भी तरक्की का कोई अच्छा अवसर मिलेगा। आज परिस्थितियां बदलने के योग हैं और नई उम्मीदें बनेगी। कुछ लोग जो आप के खिलाफ थे, वो आज आपके सामने नतमस्तक होंगे। आपके रिश्ते फिर से अच्छे हो जाएंगे।

**वृष राशिः** आज कारोबार में अचानक से आपको फायदा होगा। आज किसी काम के लिए की गई कोशिश सफल रहेगी। आज मन में चल रहे सवालों का जवाब भी खुद को ही तलाशना होगा। आज दिखावे के चक्कर में अधिक खर्च करने या कर्ज लेने से बचें। सोच-विचार में अपनों की राय लेनें से उपलब्धियां आपके हाथ लगेगी।

**मिथुन राशि :** ऑफिस में आज काम का बोझ अधिक हो सकता है। आज कारोबार में अचानक कुछ लाभ हो सकते हैं, स्थान परिवर्तन के भी योग है। आज दोस्तों और रिश्तेदारों से मुलाकात खुशी देगी। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है।

**कर्क राशिः** आज अधिकारी वर्ग से आपको पॉजीटिव रिस्पॉन्स प्राप्त होगा। आज घर में सुखद और अनुशासित माहौल रहेगा। काफी समय बाद रिश्तेदारों से मेल-मुलाकात आपको उत्साहित करेगा। आज दिनभर बहुत व्यस्तता रहेगी। लेकिन मनोनुकूल नतीजे मिलने से प्रसन्नता होगी। किसी समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा, आपसी मेलजोल बढेगा। आपको अपने काम में जीवनसाथी की पूरी मदद मिलेगी।

**सिंह राशि :** आज आपको घर की कुछ नयी जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी। आज कोई रुका हुआ काम पूरा होने वाला है, साथ ही आप कई प्रकार की गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे साथ ही आपका सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी और कुछ बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आपका जीवनसाथी आपको कोई सरप्राइज दे सकता है।

**कन्या राशिः** आज कार्यालय पर अधिकारी वर्ग आपके ऊपर काम को लेकर थोड़ा दबाव बनायेंगे। आज किसी नजदीकी रिश्तेदार के साथ अपने विचारों को साझा करेंगे रिश्तों में मधुरता आएगी। जिससे घर परिवार में भी खुशी भरा माहौल रहेगा। आज पुरानी नकारात्मक बातों को वर्तमान पर हावी ना होने दें और रिश्तों को सहेज कर रखें। आज आपकी ऑफिशियल यात्रा आपके लिए फायदेमंद रहेगी।

**तुला राशिः** आज आप उत्साह से भरे रहेंगे। आज कोई भी निवेश सोच-समझकर ही करेंगे। लोगों के साथ बातचीत करते समय सावधान रहें, गलतफहमियों की वजह से रिश्तों में अनबन हो सकती हैं। बच्चों की समस्याओं के समाधान में आपका सहयोग रहेगा। आज कामकाज में व्यस्तता रहेगी। व्यापार में महत्वपूर्ण फैसले लेंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होंगी।

**वृश्चिक राशिः** आज आप अपने कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। परिवार के सब लोग आपसे खुश रहेंगे। आज किसी मित्र की गलत सलाह आपको आपके लक्ष्य से भटका सकती हैं। इसलिए सोच-समझकर ही कदम उठाएंगे तो परेशानी से बच जायेंगे। घर के बुजुर्गों की सलाह और मार्गदर्शन की अवहेलना ना करें। कुछ समय बच्चों के साथ बिताएंगे।

**धनु राशिः** आज किसी नई योजना को बनाने में आप सफल होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। किसी खास काम में आपको माता का सहयोग प्राप्त होगा। आज कार्यभार की वजह से शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। अपने कामों को दूसरों के साथ बांटने का प्रयास करेंगे तो आसानी होगी।

**मकर राशि :** आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज नए लोगों से मिलने-जुलने का अवसर मिलेगा। आज किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से सजगता और भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आपसी बातचीत द्वारा कई परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी।

**कुंभ राशिः** आज आप दोस्तों के लिए मददगार साबित होंगे। आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने की जरूरत है, इससे आप अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से अंजाम देंगे। आज किसी दोस्त या रिश्तेदार के साथ चल रही अनबन दूर होगी।

**मीन राशि :** आज आप सकारात्मक विचारों के साथ अपने काम को आसानी से पूरा कर लेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको कार्यप्रणाली में लाए गए परिवर्तन के अनुकूल परिणाम मिल सकते हैं। आज आपका व्यवसायिक दृष्टिकोण कई मामलों को सुलझाने में सक्षम भी रहेगा।

# ममता के प्रति जो धारणा बदल रही

//अजीत द्विवेदी//

**पश्चिम बंगाल में इतिहास अपने को दोहराता लग रहा है। एक बाद एक हो रही भयावह घटनाएं और राज्य के अलग अलग हिस्सों में स्वंयस्फूर्त हो रहे जन आंदोलन 2011 से पहले के समय की याद दिला रहे हैं। पश्चिम बंगाल में वामपंथी शासन के पांव उखडऩे से पहले राज्य के हालात ऐसे ही थे। एक तो ममता बनर्जी ने मुख्य विपक्ष के नाते सरकार की नाक में दम किया हुआ था। नंदीग्राम में केमिकल हब बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण और सिंगूर में टाटा की नैनो कार के प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण के खिलाफ ममता ने इतना बड़ा आंदोलन खड़ा कर दिया कि साढ़े तीन दशक से सत्ता में बैठा वाम मोर्चा इसे संभाल नहीं सका। नंदीग्राम में 2007 में जो आंदोलन शुरू हुआ उसकी अंत परिणति 2011 में वाम शासन के अंत और ममता बनर्जी की ताजपोशी के रूप में हुई।**

अब 2026 के विधानसभा चुनाव से दो साल पहले से ठीक वैसे ही हालात बन रहे हैं, जैसे 2007 में थे। ममता बनर्जी के खिलाफ बात बात पर आंदोलन भड़क जा रहा है। फर्क इतना है कि इस बार ममता बनर्जी के सामने उनकी तरह का कोई फायरब्रांड विपक्षी नेता नहीं है। भाजपा मुख्य विपक्षी पार्टी है लेकिन उसके पास कोई चेहरा नहीं है। वह तृणमूल कांग्रेस से उधार पर लाए शुभेंदु अधिकारी के दम पर ममता बनर्जी से नहीं लड़ सकती है। भाजपा इस बात को समझ रही है तभी उसने कोई चेहरा आगे नहीं किया है और न यह दिखा रही है कि ममता सरकार के खिलाफ अलग अलग जगहों पर हो रहे आंदोलन के पीछे उसका कोई हाथ है। कई जगह सचमुच भाजपा का हाथ नहीं भी है। लोग खुद से आंदोलित हो रहे हैं और हर छोटा बड़ा प्रदर्शन अंत में सरकार विरोधी बड़े आंदोलन में तब्दील हो रहा है। सबसे अहम बात यह है कि मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता के तौर पर ममता बनर्जी धारणा की लड़ाई हार रही हैं। वे नैरटिव लूज कर रही हैं। उन्होंने मां, माटी मानुष' का जो नैरेटिव गढ़ा था वह उनके हाथ से फिसल रहा है। महिलाएं उनकी सरकार से नाराज हैं और उनको कठघरे में खड़ा कर रही हैं। आरजी कर अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और जघन्य हत्या की घटना के बाद ममता के प्रशासन ने जिस तरह से काम किया उससे ममता के दामन पर बहुत गहरे दाग लगे हैं। उनकी साधारण सफेद सूती साड़ी महिलाओं को भरोसा जगाती थी वह अब नहीं हो रहा है।

कोलकाता के जूनियर डॉक्टरों ने 42 दिन तक हड़ताल की और इस दौरान डॉक्टरों से इतर सामान्य महिलाओं ने भी बड़ी तादाद में आकर उनका समर्थन किया। फिर जूनियर डॉक्टर भूख हड़ताल पर बैठे और उनको व्यापक समाज का समर्थन मिला। वे इस बात से आहत हैं कि अस्पतालों में उनके ऊपर बेवजह हमले होते हैं और सरकार कुछ नहीं करती है। वे राज्य में धमकी देने की संस्कृति का समापन चाहते हैं और इसमें भी सरकार कुछ नहीं कर रही है।

ममता बनर्जी की सरकार के बारे में यह धारणा बन रही है कि उसने महिला की अस्मिता और जान के ऊपर अपनी सरकार की छवि को प्रमुखता दी और इसलिए छवि बचाने के लिए ममता की पुलिस ने पीड़ित डॉक्टर के परिजनों को पैसे का ऑफर दिया था। अभी इस घटना का विरोध बंद भी नहीं हुआ था कि दक्षिण 24 परगना के कृपाखाली इलाके में एक 10 वर्षीय बच्ची का शव मिला, जिसके परिजनों का कहना है कि उसके साथ बलात्कार किया गया और उसके बाद बहुत बेरहमी से हाथ पांव तोड़ कर उसको मार डाला गया। लड़की के लापता होने की शिकायत जब थाने में की गई तो पुलिस वालों ने कोई नोटिस नहीं लिया और बच्ची को तलाशने का कोई प्रयास नहीं किया। तभी उसका शव मिलने के बाद लोगों का गुस्सा भड़का और उन्होंने थाने में आग लगा दी। उससे पहले तोडफ़ोड़ की और पुलिस वालों पर हमला किया। पुलिस वालों को भाग कर जान बचानी पड़ी। लोगों ने तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय विधायक को भी खदेड़ कर भगा दिया। लोगों ने इस घटना की तुलना आरजी कर अस्पताल की घटना से की और कहा कि दोनों मामलों में ममता बनर्जी की पुलिस का रवैया एक जैसा था।

इससे पहले संदेशखाली में जो हुआ वह भी सबको पता है। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शाहजहां शेख की ज्यादतियों के खिलाफ लोग एकजुट हुए और उन्होंने सड़क पर उतर कर आंदोलन किया। उस मामले में भी ममता बनर्जी की पुलिस ने आरोपी को बचाने का प्रयास किया। संदेशखाली, कोलकाता और दक्षिण 24 परगना के कृपाखाली की तीन घटनाएं ममता सरकार के बारे में बन रही नकारात्मक धारणा का मुख्य कारण बनी हैं। वैसे और भी कारण होंगे। लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने के बाद किसी भी सरकार के प्रति एंटी इन्कम्बैंसी पैदा होती है। हालांकि जब भी इस तरह की बात होती है तो तृणमूल समर्थकों का कहना होता है कि लोकसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी ने 29 सीटें जीती हैं। उसने भाजपा से उसकी जीती हुई छह सीटें छीन ली है। इसका मतलब है कि लोग अब भी उसके साथ हैं।

लेकिन ध्यान रहे लोकसभा का चुनाव आरजी कर अस्पताल की घटना के पहले हुआ था और दूसरे, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ देश भर में नाराजगी थी, जिसका फायदा ममता बनर्जी को मिला। आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद ममता के प्रति धारणा तेजी से बदली है। जितनी बड़ी संख्या में महिलाएं उनके खिलाफ प्रदर्शन करने सड़क पर उतरी हैं वह मिसाल है कि चीजें तेजी से बदल रही हैं। ममता के खिलाफ बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतरी हैं और इसके प्रतीक इस साल दुर्गापूजा के पंडालों में भी दिखे। अनेक पूजा पंडाल आरजी कर अस्पताल की घटना की थीम पर बने थे। एक पूजा पंडाल में जूनियर डॉक्टर का शव मां दुर्गा के साथ में था। वे दोनों हाथों से जूनियर डॉक्टर के शव उठाए हुए थीं। एक दूसरे पूजा पंडाल में जूनियर डॉक्टर का शव जमीन पर पड़ा था और मां दुर्गा ने अपनी दोनों आंखें अपने हाथ से ढक ली थी। उस पंडाल में मां दुर्गा का शेर भी शर्मिंदा होकर नजरें झुका कर खड़ा था।पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजों की बहुत झलक दुर्गापूजा के पंडालों से मिलती है। अगर इसको पैमाना मानें तो साफ दिखेगा कि ममता बनर्जी नैरेटिव लूज कर रही हैं। उनके बारे में धारणा बदल रही है। महिलाओं की नाराजगी के अलावा उनके प्रति धारणा बदलने वाली दूसरी बात यह है कि कोलकाता और पूरे बंगाल की सिविल सोसायटी उनके खिलाफ है। सिविल सोसायटी ने ममता बनर्जी से मुंह मोड़ लिया है।ममता बनर्जी अपनी चुनाव में बचे हुए पौने दो साल में धारणा बदलने के लिए कुछ न कुछ जरूर करेंगी लेकिन कामयाब कितनी होंगी यह नहीं कहा जा सकता है। उनके साथ सबसे बड़ा प्लस प्वाइंट यह है कि विपक्ष नहीं है। 75 विधायक होने के बावजूद भाजपा विपक्ष के नाते पूरी तरह से अप्रभावी है। उसके पास तृणमूल से आयातित नेता हैं। अभी पश्चिम बंगाल में छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। इनके नतीजे भी राज्य की आगे की राजनीति की कुछ झलक देने वाले होंगे। हालांकि इनके नतीजों से 2026 का अंदाजा लगाना ठीक नहीं होगा। फिर भी पता चलेगा कि ममता के प्रति जो धारणा बदल रही है, उसका कितना चुनावी फायदा भाजपा को होता है।

# योजनाओं में भ्रष्टाचार तों अपने पाँव पसारता ही है

//विनीत नारायण//

**आज की सूचना क्रान्ति के दौर में ऐसी चोरी पकडऩा बायें हाथ का खेल है। उपग्रह सर्वेक्षणों से हर परियोजना के क्रियान्वयन पर पूरी नजर रखी जा सकती है और काफी हदतक चोरी पकड़ी जा सकती है। पर चोरी पकडऩे का काम नौकरशाही का कोई सदस्य करेगा तो अनेक कारणों से सच्चाई छिपा देगा। निगरानी का यही काम देशभर में अगर प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संगठनों या व्यक्तियों से करवाया जाये तो चोरी रोकने में पूरी नहीं तो काफी सफलता मिलेगी।**

केन्द्र सरकार बंजर भूमि, मरूभूमि व सूखे क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए हजारों करोड़ रूपया प्रान्तीय सरकारों को देती आई है। मगर जिले के अधिकारी और नेता मिलीभगत इसका बड़ा पैसा डकार जाते हैं। झूठे आंकड़े प्रान्त सरकार के माध्यम से केन्द्र सरकार को भेज दिये जाते हैं पर इस विषय के जानकारों को कागजी आंकड़ों से गुमराह नहीं किया जा सकता। आज हम उपग्रह कैमरे से हर राज्य की जमीन का चित्र देख कर यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जहां-जहां सूखी जमीन को हरी करने के दावे किये गये, वो सब कितने सच्चे हैं।

दरअसल यह कोई नई बात नहीं है। विकास योजनाओं के नाम पर हजारों करोड़ रूपया इसी तरह वर्षों से प्रान्तीय सरकारों द्वारा पानी की तरह बहाया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी का यह जुमला अब पुराना पड़ गया कि केन्द्र के भेजे एक रूपये मे से केवल 14 पैसे जनता तक पहुंचते हैं। सूचना का अधिकार कानून भी जनता को यह नहीं बता पायेगा कि उसके इर्द-गिर्द की एक गज जमीन पर, पिछले 70 वर्षों में कितने करोड़ रूपये का विकास किया जा चुका है।

सड़क निर्माण हो या सीवर, वृक्षारोपण हो या कुण्डों की खुदाई, नलकूपों की योजना हो या बाढ़ नियन्त्रण, स्वास्थ्य सेवाऐं हों या शिक्षा का अभियान की अरबों-खरबों रूपया कागजों पर खर्च हो चुका है। पर देश के हालात कछुए की गति से भी नहीं सुधर रहे। जनता दो वख्त की रोटी के लिए जूझ रही है और नौकरशाही, नेता व माफिया हजारो गुना तरक्की कर चुके है। जो भी इस क्लब का सदस्य बनता है, कुछ अपवादों को छोड़कर, दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करता है। केन्द्रीय सतर्कता आयोग, सीबीआई, लोकपाल व अदालतें उसका बाल भी बाकां नहीं कर पाते।

जिले में योजना बनाने वाले सरकारीकर्मी योजना इस दृष्टि से बनाते हैं कि काम कम करना पड़े और कमीशन तगड़ा मिल जाये। इन्हें हर दल के स्थानीय विधायकों और सांसदों का संरक्षण मिलता है। इसलिए यह नेता आए दिन बड़ी-बड़ी योजनाओं की अखबारों में घोषणा करते रहते है। अगर इनकी घोषित योजनाओं की लागत और मौके पर हुए काम की जांच करवा ली जाये तो दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ जायेगा। यह काम मीडिया को करना चाहिए था। पहले करता भी था। पर अब नेता पर कॉलम सेन्टीमीटर की दर पर छिपा भुगतान करके बड़े-बड़े दावों वाले अपने बयान स्थानीय अखबारों में प्रमुखता से छपवाते रहते है। जो लोग उसी इलाके में ठोस काम करते है, उनकी खबर खबर नहीं होती पर फर्ज़ीवाड़े के बयान लगातार धमाकेदार छपते है। इन भ्रष्ट अफ़सरों और निर्माण कम्पनियों का भांडा तब फूटता है जब लोकार्पण के कुछ ही दिनों बाद अरबों रुपए की लागत से बने राजमार्ग या एक्सप्रेस-वे गुणवत्ता की कमी के चलते या तो धँस जाते हैं या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि ऐसी धांधली केवल सड़क मार्गों पर ही होती है। ऐसा भी देखने को मिला है जब रेल की पटरियाँ भी धँस गई और रेल दुर्घटना हुई। उधर जिले से लेकर प्रान्त तक और प्रान्त से लेकर केन्द्र तक प्रोफेशनल कन्सलटेन्ट का एक बड़ा तन्त्र खड़ा हो गया है। यह कन्सलटेन्ट सरकार से अपनी औकात से दस गुनी फीस वसूलते है और उसमें से 90 फीसदी तक काम देने वाले अफसरों और नेताओं को पीछे से कमीशन मे लौटा देते है। बिना क्षेत्र का सर्वेक्षण किये, बिना स्थानीय अपेक्षाओं को जाने, बिना प्रोजेक्ट की सफलता का मूल्यांकन किये केवल ख़ानापूर्ति के लिए डीपीआर (विस्तृत कार्य योजना) बना देते है। फिर चाहे जे.एन.आर.यू.एम. हो या मनरेगा, पर्यटन विभाग की डीपीआर हो या ग्रामीण विकास की सबमें फर्ज़ीवाड़े का प्रतिशत काफी ऊँचा रहता है। यही वजह है कि योजनाएँ खूब बनती है, पैसा भी खूब आता है, पर हालात नहीं सुधरते। आज की सूचना क्रान्ति के दौर में ऐसी चोरी पकडऩा बायें हाथ का खेल है। उपग्रह सर्वेक्षणों से हर परियोजना के क्रियान्वयन पर पूरी नजर रखी जा सकती है और काफी हदतक चोरी पकड़ी जा सकती है। पर चोरी पकडऩे का काम नौकरशाही का कोई सदस्य करेगा तो अनेक कारणों से सच्चाई छिपा देगा। निगरानी का यही काम देशभर में अगर प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संगठनों या व्यक्तियों से करवाया जाये तो चोरी रोकने में पूरी नहीं तो काफी सफलता मिलेगी।

ग्रामीण विकास के मंत्री ही नहीं बल्कि हर मंत्री को तकनीकी क्रान्ति की मदद लेनी चाहिए। योजना बनाने में आपाधापी को रोकने के लिए सरल तरीका है कि जिलाधिकारी अपनी योजनाएँ वेबसाइट पर डाल दें और उनपर जिले की जनता से 15 दिन के भीतर आपत्ति और सुझाव दर्ज करने को कहें। जनता के सही सुझावों पर अमल किया जाये। केवल सार्थक, उपयोगी और ठोस योजनाएँ ही केन्द्र सरकार व राज्य को भेजी जाये। योजनाओं के क्रियान्वयन की साप्ताहिक प्रगति के चित्र भी वेबसाइट पर डाले जायें। जिससे उसकी कमियां जागरूक नागरिक उजागर कर सकें। इससे आम जनता के बीच इन योजनाओं पर हर स्तर पर नजर रखने में मदद मिलेगी और अपना लोकतन्त्र मजबूत होगा। फिर बाबा रामदेव या अन्ना हजारे जैसे लोगों को सरकारों के विरुद्ध जनता को जगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।आज हर सरकार की विश्वसनीयता, चाहें वो केन्द्र की हो या प्रान्तों की, जनता की निगाह में काफी गिर चुकी है और अगर यही हाल रहे तो हालत और भी बिगड़ जायेगी। देश और प्रान्त की सरकारों को अपनी पूरी सोच और समझ बदलनी पड़ेगी। देशभर में जिस भी अधिकारी, विशेषज्ञ, प्रोफेशनल या स्वयंसेवी संगठन ने जिस क्षेत्र में भी अनुकरणीय कार्य किया हो, उसकी सूचना जनता के बीच, सरकारी पहल पर, बार-बार, प्रसारित की जाये। इससे देश के बाकी हिस्सों को भी प्रेरणा और ज्ञान मिलेगा। फिर सात्विक शक्तियां बढ़ेंगी और देश का सही विकास होगा। अभी भी सुधार की गुंजाइश है। लक्ष्य पूर्ति के साथ गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए। यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि इन घोषणाओं के चलते किए गए ये दावे गुणवत्ता के पैमाने पर कितने खरे उतरते हैं। चूँकि ऐसी योजनाओं में भ्रष्टाचार तों अपने पाँव पसारता ही है। ऐसे में जनहित का दावा करने वाले नेता क्या वास्तव में जनहित करे पाएँगे।

## प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने की जरूरत नहीं

भारत की न्याय पालिका हमारे संविधान की मंशा के अनुरूप ही काम कर रही है तथा भारत का सर्वोच्च न्यायालय अमेरिका जैस नही है, जहां मामले दशकों तक लम्बित रहते है, हमारी ओर से दिन में जितने मामलों का निराकरण होता है उतने तो कई पश्चिमी देशों में एक वर्ष में भी नही दिया जाता, ये उद्गार भारत की न्याय व्यवस्था व न्याय में कथित विलम्ब के आरोप पर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने व्यक्त किए, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सर्वोच्च न्यायालय जनता की अदालत है और उसे अपनी इस भूमिका का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कानून के अनुरूप करना चाहिए। उन्होंने न्याय पालिका से उस पर पक्षपात व न्याय संहिता के विपरीत काम करने के आरोपों पर अपना मन्तव्य व्यक्त किया। उन्होंने न्याय पालिका की प्रजतांत्र में अहम् भूमिका भी प्रतिपादित की।जस्टिस चंद्रचूड ने न्याय पालिका को स्पष्ट हिदायत दी कि उसे देश के सामने प्रतिपक्षी दल की भूमिका में कतई सामने नहीं आना है, क्योंकि न्याय पालिका ही वर्तमान प्रजातंत्र के तीन अंगों कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका में आज विश्वसनीय रही है तथा देश की जनता को सिर्फ और सिर्फ प्रजातंत्र के इसी अंग के प्रति विश्वास व निष्ठा शेष बची है। माननीय मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के इस दावे की सच्ची व ईमानदारी समीक्षा तो जनता के स्तर पर होगी, किंतु इसी बीच यह आरोप भी सच है कि देश की विभिन्न अदालतों में कई वर्षों से करोड़ों मामले लम्बित है इन अदालतों में सर्वोच्च न्यायालय भी शामिल है, यहां यह उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने मुकदमों के निराकरण को शीघ्र व निश्चित समयसीमा में करने को सही तो बताया था ।

## तस्वीरों की दुनिया



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री, पर्यावरण मंत्री और पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्रियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें सर्दियों के दौरान बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर उपायों पर चर्चा की गई।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।



भाजपा लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज ने नई दिल्ली स्थित राज्य पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को उनके दो साल पूरे होने पर बधाई दी।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में छठ पर्व से पहले गंगा नदी के किनारे घाट पर तैयारियों का निरीक्षण किया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल रमेन डेका और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई के साथ रायपुर के जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# कांग्रेस नेता की बेटी पर भाजपा नेता की टिप्पणी गुस्साए लोगों ने किया थाने का घेराव और आगजनी




**नईदिल्ली, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट की बेटी के खिलाफ भाजपा नेता वसंतराव देशमुख की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद अहिल्यानगर (पूर्व नाम अहमदनगर) जिले के संगमनेर में बवाल हो गया है। कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भीड़ ने एक पुलिस थाने का शुक्रवार रातभर घेराव किया। आगजनी भी की गई और सड़क जाम कर दिया गया। पुलिस थाने के बाहर धरना दिया जा रहा है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। देशमुख ने शुक्रवार को संगमनेर में भाजपा नेता सुजय विखे पाटिल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बालासाहेब थोराट की बेटी जयश्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

पेशे से डाक्टर जयश्री पिता के लिए प्रचार कर रही हैं, जो संगमनेर निर्वाचन क्षेत्र से नौवीं बार चुनाव लड़ रहे हैं।सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने शक्रवार रात 10 बजे से शनिवार सुबह 6 बजे तक संगमनेर तालुका पुलिस स्टेशन का घेराव किया। उन्होंने देशमुख तथा सुजय विखे पाटिल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जयश्री ने देशमुख के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।उन्होंने कहा, मैंने ऐसा क्या किया है कि मेरे बारे में शर्मनाक तरीके से बात की जा रही है। आलोचना का मानक होना चाहिए।वहीं, सुजय ने दावा किया कि जयश्री उनकी बहन जैसी है, उन्होंने उनके खिलाफ कुछ नहीं कहा, लेकिन बैठक के बाद, सैकड़ों गुस्साए प्रदर्शनकारी पेट्रोल के डिब्बे लेकर वहां पहुंचे और कई वाहनों में आग लगा दी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा है कि जयश्री के बारे में अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। ऐसी भाषा महिलाओं के प्रति भाजपा की मानसिकता दर्शाती है। इस घटनाक्रम को लेकर मुंबई में बालासाहेब ने कहा कि उनकी बेटी इस स्थिति से निपटने में सक्षम है। राकांपा (शरदचंद्र पवार) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने दावा किया कि इन टिप्पणियों से महिलाओं के बारे में भाजपा का असली चेहरा सामने आ गया है। एक्स पर देशमुख की टिप्पणियों का वीडियो साझा करते हुए, शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने लिखा, शर्मनाक! यह भाजपा की राजनीति है।

क्या इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि पार्टी इस टिप्पणी से असहमत है। जयश्री हमारी बेटी की तरह है, भले ही उसके पिता के साथ हमारे राजनीतिक मतभेद हैं। इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## मेक्सिको में भीषण सड़क हादसा, बस दुर्घटना में 19 लोगों की मौत, खाई में गिरे शव

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको शनिवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मेक्सिको के केंद्रीय राज्य जकाटेकास में शनिवार को एक राजमार्ग पर एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 19 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि यात्रियों से भरी बस एक मक्के से भरे ट्रैक्टर-ट्रेलर से पीछे से टकरा गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन खाई में गिर गए। सोशल ह्यमीडिया पर साझा की गई छवियों में बचाव दल और सैन्य कर्मियों सहित सुरक्षा बल क्षेत्र की सुरक्षा कर रहे हैं, जबकि बचाव दल शवों को निकालने के लिए काम कर रहे हैं। जकाटेकास के गवर्नर डेविड मोन्रियल ने शनिवार को शुरुआत में 24 लोगों की प्रारंभिक मौत की सूचना दी थी, लेकिन राज्य अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने बाद में एक बयान में संख्या को संशोधित किया कि 19 लोगों की मौत हुई है और छह ही घायल हुए हैं।अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने कहा कि पुलिस ट्रैक्टर-ट्रेलर के चालक को गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई कर रही है। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने बताया कि खाई में गिरे कुछ शवों को निकालने के लिए प्रयास जारी हैं।

## विदर्भ में भाजपा के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते हैं बावनकुले, कुछ ऐसे बन रहे समीकरण



**नागपुर, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र का विधानसभा चुनाव इस बार पूरी तरह से जाति आधारित हो गया है। सभी दल अपने-अपने जातीय समीकरण दुरुस्त करने में लगे हैं। ऐसे में भाजपा ने भी अपनी 2019 की गलती सुधारते हुए तेली समाज के अपने प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को उन्हीं की पुरानी सीट कामठी से उम्मीदवार कर विदर्भ के कई जिलों में प्रभावी तेली समाज को खुश करने का काम किया है। बावनकुले की उम्मीदवारी का लाभ भाजपा को कई और सीटों पर भी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले पहले भी कामठी से तीन बार विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं। वह 2014 से 2019 तक फडणवीस सरकार में ऊर्जा एवं उत्पाद शुल्क मंत्री रहे थे। लेकिन 2019 में अज्ञात कारणों से उनका टिकट काट दिया गया। उनका टिकट कटने की नाराजगी उस समय पूरे विदर्भ के तेली समाज में देखी गई थी। हालांकि स्वयं बावनकुले ने उस समय कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की थी। लेकिन भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने उसी समय कामठी जाकर कहा था कि बावनकुले को पार्टी और बड़ा सम्मान देगी।लेकिन फडणवीस का यह आश्वासन भी तब तेली समाज को खुश नहीं कर सका। 2014 में विदर्भ में भाजपा को जहां 62 में से 44 सीटें मिली थीं, वहीं 2019 में सिर्फ 29 सीटें ही मिल सकीं। लेकिन फडणवीस अपनी बात पर खरे उतरे। कुछ समय बाद ही बावनकुले को विधान परिषद में तो भेजा ही गया, उन्हें भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष भी बना दिया गया। अब 2024 का विधानसभा चुनाव पार्टी उन्हीं की अध्यक्षता में लड़ रही है। वह पार्टी के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का एक बड़ा चेहरा बनकर उभरे हैं।पार्टी के नागपुर जिला कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल विदर्भ का जातीय गणित समझाते हुए कहते हैं कि यहां कुनबी समाज आमतौर पर कांग्रेस के साथ खड़ा दिखाई देता है।

# ईरान के बाद इजरायल ने लेबनान में बरसाए बम, 19 की मौत, हिजबुल्लाह ने किया जवाबी हमला

**बेरूत, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**



लेबनान में किए गए इजरायली हमले में 19 लोग मारे गए। इसके साथ ही लेबनान में इजरायली हमले में मरने वालों की कुल संख्या 2,653 हो गई है। वहीं, हिजबुल्ला समूह ने तेल अवीव के दक्षिण में इजरायल के तेल नोफ एयरबेस पर ड्रोन हमला बोला।उत्तरी इजरायली में एक रॉकेट हमले में एक खुफिया अड्डे को भी निशाना बनाने का दावा किया गया है। इजरायल और हिजबुल्ला के बीच संघर्ष एक साल पहले तब शुरू हुआ, जब लेबनानी सशस्त्र समूह ने गाजा युद्ध की शुरुआत में फलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के समर्थन में उत्तरी इजरायल पर रॉकेट लांच करना शुरू कर दिया। हाल के सप्ताहों में यह और तेज हो गया है।उत्तरी गाजा में कमल अदवान अस्पताल से इजरायली सेना शनिवार को हट गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इजरायली बलों ने अस्पताल की 70 सदस्यीय टीम में से 44 को हिरासत में ले लिया। बाद में अस्पताल के निदेशक सहित 14 को रिहा कर दिया गया। चिकित्सकों ने कहा कि शुक्रवार को इजरायली कार्रवाई के दौरान इंटेंसिव केयर यूनिट में दो बच्चों की मौत हो गई।इजरायली सेना के प्रवक्ता ने कार्रवाई को लेकर कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया। सेना ने कहा था कि उसने आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में खुफिया जानकारी के आधार पर अस्पताल के क्षेत्र में कार्रवाई की।इससे पहले इजरायल ने शनिवार तड़के ईरान के सैन्य ओर ड्रोन ठिकानों पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। बदले की इस कार्रवाई में इजरायल के 100 से ज्यादा लड़ाकू विमान शामिल रहे। राजधानी तेहरान समेत ईरान के कई राज्यों में धमाकों की गूंज सुनी गई। हालांकि ईरान के परमाणु और तेल ठिकानों को निशाना नहीं बनाया गया।हमले में ईरान को भारी नुकसान पहुंचने की खबर है। उसके दो सैनिक भी मारे गए हैं। ईरान ने सीमित नुकसान होने का दावा किया और कहा कि वह सही समय पर इसका जवाब देगा। इजरायली हमले के बाद पश्चिम एशिया में युद्ध का संकट गहरा गया है।

## भारत-चीन एलएसी गश्त समझौते के लिए एस जयशंकर ने सेना को सराहा, ड्रैगन के भरोसे को लेकर कही ये बात

**पुणे, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त को लेकर चीन के साथ हुए सफल समझौते का श्रेय सेना को दिया, जिसने बहुत ही अकल्पनीय परिस्थितियों में और कुशल कूटनीति से काम किया। जयशंकर ने छात्रों के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि संबंधों को सामान्य बनाने में अभी समय लगेगा। भरोसे को फिर से कायम करने और साथ मिलकर काम करने में स्वाभाविक रूप से समय लगेगा। जयशंकर ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर रूस के कजान में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की थी, तो यह निर्णय लिया गया था कि दोनों देशों के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मिलेंगे और देखेंगे कि आगे कैसे बढ़ा जाए। यदि आज हम यहां तक पहुंचे हैं, तो इसका एक कारण यह है कि हमने अपनी बात पर अड़े रहने और अपनी बात रखने के लिए बहुत दृढ़ प्रयास किया है। सेना देश की रक्षा के लिए बहुत ही अकल्पनीय परिस्थितियों में वहां (एलएसी पर) मौजूद थी। सेना ने अपना काम किया और कूटनीति ने भी अपना काम किया।उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने अपने बुनियादी ढांचे में सुधार किया है।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, हैंड ग्रेनेड और पाकिस्तानी सामान बरामद, सर्च अभियान जारी



**जम्मू, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक गांव में सुरक्षाबलों ने शनिवार को एक संदिग्ध आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। उस जगह से कुछ ग्रेनेड और तीन पाकिस्तानी माइन जब्त की गई हैं।अधिकारियों ने बताया कि मेंढर उपखंड के बलनोई सेक्टर में तलाशी अभियान के दौरान इस ठिकाने का पता चला। ठिकाने से दो हथगोले और तीन माइन जब्त किए गए। हालांकि, ऑपरेशन के दौरान कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। इस बीच, अधिकारियों ने कहा कि सेना के जवानों को मेंढर के मनकोट सेक्टर में एक जल बिंदु के पास गश्त के दौरान जंग लगा मोर्टार शेल मिला। बाद में विशेषज्ञों ने नियंत्रित विस्फोट में शेल को सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया। वहीं, शनिवार को अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग सेक्टर में सेना के काफिले पर हुए घातक हमले में नया खुलासा किया। खबर है कि हमले में तीन से चार आतंकवादी शामिल थे।इस हमले में दो सैनिकों सहित चार लोग मारे गए थे। अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान, जो दूसरे दिन भी जारी रहा, शुक्रवार को शाम ढलने के बाद रोक दिया गया और शनिवार सुबह फिर से शुरू किया गया। बारामूला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहम्मद जैद मलिक ने उत्तरी कश्मीर जिले में संवाददाताओं से कहा कि वहां से हमें जो साक्ष्य मिले हैं, उनके अनुसार हमले में 3-4 आतंकवादी शामिल थे। एसएसपी ने बताया कि पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बल तलाशी अभियान चला रहे हैं, जिसे गुलमर्ग के बाबा रेशी और वन क्षेत्रों के साथ-साथ इसके सामने बसे इलाकों तक बढ़ा दिया गया है।आतंकवादियों ने पर्यटक स्थल गुलमर्ग से 6 किलोमीटर दूर बोटा पाथरी इलाके में सेना के एक वाहन पर गोलीबारी की।

# सिद्दरमैया की पत्नी ने मानी पत्र में व्हाइटनर लगाने की बात, दीवाली बाद सीएम से भी हो सकती है पूछताछ

**मैसूर, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**



कर्नाटक के लोकायुक्त ने मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी केस में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया की पत्नी पार्वती से पूछताछ की। सूत्रों की माने तो पूछताछ के दौरान सीएम की पत्नी ने माना कि अथॉरिटी में जमा किए गए पत्र में उन्होंने व्हाइटनर लगाया था। पार्वती मैसूर में लोकायुक्त टीजे उडेशा के समक्ष पेश हुईं। सीएम की पत्नी पार्वती के बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई है। जांच के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि वाक्य में गलती होने कारण व्हाइटनर का इस्तेमाल किया गया। जिस पत्र पर व्हाइटनर लगा कर अथॉरिटी में जमा किया गया, वह क्षतिपूर्ति स्थलों के आवंटन से संबंधित था। उन्हें ठीक से याद भी नहीं कि आखिर गलती क्या हुई थी। सूत्रों के मुताबिक सीएम की पत्नी से केसारे गांव की 3.16 एकड़ विवादित जमीन को लेकर सवाल पूछे गए। इसके अलावा 14 स्थलों के क्षतिपूर्ति के लिहाज से आवंटन पर उनके जमा किए पत्रों के बारे में भी पूछताछ हुई। इस दौरान पार्वती ने लोकायुक्त को बताया कि जो जमीन उन्हें उपहार के रूप में दी गई, वहां पर वह पिछले तीन-चार सालों से नहीं गई हैं। इसके अलावा वह रोज दस्तावेजों पर हस्ताक्षर नहीं करतीं, इसलिए उनमें थोड़ी भिन्नता हो सकती है।मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी मामले की जांच कर रहे कर्नाटक के लोकायुक्त पहले आरोपी के तौर पर पूछताछ के लिए सीएम सिद्दरमैया को नोटिस जारी कर सकते हैं। सूत्रों की माने तो अभी इस मामले में दूसरी आरोपी उनकी पत्नी पार्वती के बयानों की सत्यता की जांच की जा रही है।

दीवाली के बाद सिद्दरमैया को लोकायुक्त के समक्ष पेश होने का नोटिस जारी किया जाएगा। लोकायुक्त ने इस मामले में तीसरे आरोपित और मुख्यमंत्री के रिश्तेदार मल्लिकार्जुन स्वामी व जमीन के मालिक जे.देवराजू से भी पूछताछ की है। प्रवर्तन निदेशालय भी इस मामले की जांच कर रहा है। हाल में ईडी ने अथॉरिटी के कार्यालय और देवराजू के बेंगलुरु स्थित आवास पर छापा मारा था।

इससे पहले मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) से जुड़े भू-आवंटन घोटाले के मामले में ईडी ने शुक्रवार को छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार ईडी अधिकारियों ने केंद्रीय अर्धसैनिक बल के साथ मैसुरु स्थित मुडा कार्यालय और बेंगलुरु सहित कुछ अन्य स्थानों पर तलाशी ली। मैसुरु स्थित तहसीलदार कार्यालय से भी दस्तावेज मांगे गए हैं। एक आरोपित देवराजू के केंगेरी स्थित आवास पर भी तलाशी ली गई। उससे पूछताछ भी की गई।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** खैराबाद थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। खैराबाद थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के राधेलाल चैराहा के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने खैराबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला अर्जुनपुर निवासी लाले पुत्र मेहंदी हसन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने इस संबंध में लाले के खिलाफ खैराबाद थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# सुरक्षाबलों की हत्या, न्यूक्लियर प्रोग्राम पर निशाना, ईरान पर अलग-अलग तरीकों से हमला करता रहा है इजरायल

**पेरिस, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

इजरायल के ईरान पर हालिया हमले ने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया है। अगर ईरान भी जवाबी हमला करता है तो मध्य पूर्व में बड़े पैमाने पर युद्ध का संकट छा जाएगा। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब इजरायल ने ईरान को निशाना बनाया है। वह पहले भी अलग-अलग तरीकों से ईरान पर हमले करवाता रहा है। इसमें हिटजॉब, यानी गुप्त तरीके से हत्या करवाने से लेकर तोड़फोड़ और साइबर हमलों तक शामिल रहे हैं। ईरान के खिलाफ कई ऐसे हमलों के लिए या तो इजरायल को दोषी ठहराया गया है या उसने खुद ही इसकी जिम्मेदारी ली है। समाचार एजेंसी एएफपी के अनुसार इजरायल की नजर ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर है। एएफपी ने अपनी रिपोर्ट में ऐसे ही पिछले कुछ वर्षों में इजरायल द्वारा किए गए हमलों का उल्लेख किया है। इजरायल पर ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड के शीर्ष सदस्यों को निशाना बनाने का आरोप लगाया गया है। इसके ज़्यादातर प्रयास देश की सीमाओं के बाहर किए गए हैं। इनमें हाल ही में मारे गए लोगों में 27 सितंबर को बेरूत के उपनगरीय इलाके में एक इजरायली हमले में हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह के साथ मारे गए एक जनरल शामिल हैं। इससे पहले 1 अप्रैल, 2024 को दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास भवन पर इजरायल पर आरोप लगाए गए हवाई हमले में, रिवोल्यूशनरी गार्ड के सात सदस्य मारे गए, जिनमें दो शीर्ष रैंक के थे। हाल ही में हुई हत्याएं इस लंबी सूची में लेटेस्ट हैं।इजरायल पर कई उच्च पदस्थ ईरानी फिजिसिस्ट की टार्गेटेड हत्या कराने का भी आरोप लगाया गया है, जो अक्सर तेहरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े होते हैं। उनमें परमाणु भौतिक विज्ञानी मोहसेन फखरीजादेह भी शामिल हैं, जिनकी नवंबर 2020 में हत्या कर दी गई थी और उनकी मृत्यु के बाद उन्हें रक्षा उप मंत्री के रूप में पेश किया गया था।नतांज परमाणु स्थल पर काम कर रहे वैज्ञानिक मुस्तफा अहमदी रोशन और ईरान के परमाणु समाज के संस्थापक माजिद शाहरियारी, साथ ही कण भौतिकी के प्रोफेसर मसूद अली मोहम्मदी पिछले कुछ वर्षों में मारे गए अन्य लोग थे।

ईरान के सहयोगियों ने भी पाया है कि तेहरान हमेशा सुरक्षित आश्रय नहीं होता है। हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हानिया की 31 जुलाई को ईरान की राजधानी में एक हमले में हत्या कर दी गई थी, जिसका आरोप इजरायल पर लगाया गया था। वह ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए तेहरान में थे। मार्च 2021 में, वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिका और मध्य पूर्व के अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि 2019 में इजरायल ने सीरिया जाने वाले कम से कम एक दर्जन जहाजों को निशाना बनाया था और ज्यादातर मामलों में ईरानी पेट्रोल ले जा रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल ने हमले में पानी के नीचे की खदानें लगाई थीं।

## कुख्यात गैंगस्टर सुंदर भाटी सोनभद्र जेल से हुआ रिहा, छूटते ही पहुंचा दिल्ली- जेलर बोले, इसके जाते ही हमने बाकी कैदियों से...




**सोनभद्र, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

हत्या, लूट, अपहरण समेत दर्जनों अपराधिक घटनाओं में नामजद कुख्यात गैंगस्टर सुंदर भाटी सोनभद्र के जिला कारागार से जमानत पर रिहा हो गया। चर्चा है कि यहां से रिहा होने के बाद वह दिल्ली पहुंच गया है। वह यहां के कारागार में मई 2020 में आया था और 23 अक्टूबर को रिहा हो गया। वह यहां करीब चार साल पांच माह तक निरूद्ध रहा। जिस मामले में गौतमबुद्धनगर के न्याायलय ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी, उच्च न्यायालय ने उसे उसी मामले में जमानत दे दी।गौतमबुद्ध नगर के थाना ग्रेटर नोएडा में उसके खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, साजिश समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। जिला कारागार के अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि यहां से रिहा हुए सुंदर भाटी से कारागार में रहने के दौरान संपर्क में आए बंदियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।बताया जा रहा है कि गौतम बुद्धनगर के थाना इकटक में दर्ज एक मामले में वह दोष मुक्त हो चुका है। जबकि गौतमबुद्ध नगर के ही कासना थाने में दर्ज मामले में उसे जमानत मिली हुई है। उसके ऊपर हत्या, लूट, अपहरण के दर्जनों मामले पश्चिमी यूपी के क्षेत्र में दर्ज हैं।

## दुश्मनी से किसी का फायदा नहीं, ईरान-इजरायल के बीच बढ़ती टेंशन पर बोला भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने शनिवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और शांति और स्थिरता पर इसके असर को लेकर चिंतित है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस शत्रुता से किसी को कोई फायदा नहीं होगा। मंत्रालय ने कहा कि हम संबंधित पक्षों से संयम बरतने और बातचीत एवं कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान दोहराते हैं। निर्दोष बंधकों और नागरिकों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हमारे मिशन भारतीय समुदाय के संपर्क में हैं।नई दिल्ली की प्रतिक्रिया तब आई है, जब इजरायल ने शनिवार को ईरान में सैन्य स्थलों पर हमले किए, जिससे दोनों देशों के बीच पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई। आईडीएफ के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल डैनियल हैगर ने कहा कि इजरायली वायु सेना के सहयोग से किए गए हमले एक अक्टूबर को बैलिस्टिक मिसाइल हमले के जवाब में हुए हैं।

# अजित पवार की बढ़ी टेंशन! नवाब मलिक बगावत पर उतरे, कहा- जरूर लड़ूंगा चुनाव

**मुंबई, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में एनसीपी नेता नवाब मलिक बगावत पर उतर आए हैं और कहा है कि वह मानखुर्द शिवाजी नगर से ही चुनाव लड़ेंगे। गौरतलब है कि इस बार एनसीपी ने नवाब मलिक को टिकट न देकर उनकी बेटी सना मलिक को अणुशक्ति नगर से टिकट दिया है। हालांकि, अब नवाब मलिक ने कहा है कि वह मानखुर्द शिवाजी नगर से चुनाव जरूर लड़ेंगें। उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, मैं 29 अक्टूबर को मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करूंगा। जनता ने मुझसे यहां से चुनाव लड़ने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, मानखुर्द शिवाजी नगर में चल रही गुंडागर्दी और नशे के कारोबार से जनता बहुत परेशान है। जनता बदलाव चाहती है और मैं मानखुर्द शिवाजी नगर से



चुनाव लड़ूंगा और निश्चित रूप से जीतूंगा। मुझे परवाह नहीं है कि कौन मेरा विरोध कर रहा है, जनता मेरा समर्थन कर रही है और मैं चुनाव लड़ूंगा। एनसीपी नेता नवाब मलिक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं और उन पर अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से भी संबंध रखने का आरोप लगा है। नवाब मलिक कौशल विकास और अल्पसंख्यकों कल्याण विभाग का जिम्मा भी संभाल चुके हैं।नवाब मलिक 2009 से अणुशक्ति नगर का प्रतिनिधित्व करते आए हैं। हालांकि, 2014 में वो चुनाव हार गए। इसके बाद 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में फिर से जीते। फरवरी 2022 में उन्हें जेल में भेज दिया गया था।

इसके बाद से उनकी बेटी सना ने उनके निर्वाचन क्षेत्र की कमान संभाली और खूब काम किया।नवाब मलिक पांच बार विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं। वो दो बार अणुशक्ति नगर और 3 बार नेहरू नगर से चुनाव जीते हैं। नवाब मलिक लंबे समय से शरद पवार के करीबी रहे हैं और उन्हें राज्य का प्रमुख मुस्लिम चेहरा भी माना जाता है।महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी। सभी 288 सीटों पर एक ही चरण में मतदान होंगे। वहीं, 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी। इस बार एनसीपी और शिवसेना के दो धड़े होने के चलते चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है।

# सोनम बाजवा ने शेयर की अपने हेल्दी नाश्ते की तस्वीर



बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम बाजवा ने बॉलीवुड में अपनी पहचान एक फिटनेस फ्रीक की बनाई है। वह अक्सर अपनी फिटनेस से जुड़ी चीजें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। शनिवार को उन्होंने सेहतमंद नाश्ते की फोटो अपने फैंस के साथ शेयर की।

सोनम ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने नाश्ते की तस्वीर पोस्ट की, जिसमें एवोकाडो, स्टीम्ड ब्रोकली और स्क्रैम्बल्ड एग्स रखे हुए थे।

इसके बाद उन्होंने पहाड़ों से घिरे जंगल में एक केबिन की तस्वीर भी पोस्ट की। उन्होंने इस पोस्ट में कैप्शन देते हुए लिखा यह। इसमें उन्होंने पीले दिल वाली इमोजी भी लगाई। साथ ही इस पोस्ट के बैकग्राउंड में एमिली वॉट्स का गाना ला वी एन रोज भी बजता सुनाई दे रहा है।

बता दें कि सोनम को आखिरी बार राकेश धवन द्वारा निर्देशित फिल्म कुड़ी हरियाणे वल दी में देखा गया था। इस फिल्म में एमी विर्क ने भी अभिनय किया था। इस फिल्म में एक पंजाबी आदमी की कहानी को दिखाया गया है। इस आदमी को कुश्ती में दिलचस्पी नहीं है, लेकिन वह एक ऐसी हरियाणवी महिला के प्यार में पड़ जाता है जो इस खेल के लिए जुनूनी है। वह कुश्ती के प्रति उसके प्यार को अपनाने और उसका दिल जीतने की कोशिश करता है।

ज्ञात हो कि सोनम हाउसफुल 5 में नजर आएंगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ कई स्टार कलाकार हैं। साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित इस फिल्म में रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, फरदीन खान, नाना पाटेकर, चंकी पांडे, जैकी श्रॉफ, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, नरगिस फाखरी, चित्रांगदा सिंह और सौंदर्या शर्मा जैसे अनुभवी कलाकार होंगे।इस फिल्म को तरुण मनसुखानी निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म में चंकी पांडे फिर से एक बार अपनी हास्य भूमिका में नजर आएंगे। 'हाउसफुल 5' की शूटिंग 15 सितंबर से लंदन में शुरू हो चुकी है। लंदन में इस फिल्म के शुरुआती 45 दिनों की शूटिंग होगी। फिल्म 6 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

गौरतलब है कि 'हाउसफुल' सीरीज की पहली फिल्म 2010 में लॉन्च हुई थी और तब से इसके तीन सफल सीक्वल आ चुके हैं: 2012 में 'हाउसफुल 2', 2016 में 'हाउसफुल 3' और 2019 में 'हाउसफुल 4'।

## नेचुरल तरीके से रखना है स्किन का ख्याल, तो घर पर ही बनाएं ये हर्बल फेश वॉश



स्किन की केयर करने का सबसे पहला व बेसिक स्टेप है उसे क्लीन करना। किसी भी प्रोडक्ट या होम रेमिडी को फेस पर अप्लाई करने से पहले हम पहले उसे वॉश करते हैं। यूं तो मार्केट में कई ब्रांड्स के अलग-अलग फेस वॉश मौजूद हैं। लेकिन ये ना केवल महंगे हैं, पर कभी-कभी इनसे आपकी स्किन में इरिटेशन व परेशानी भी हो सकती है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप खुद घर पर ही हर्बल फेस वॉश बनाकर तैयार करें। इन हर्बल फेस वॉश से ना केवल आपकी स्किन बेहतर तरीके से क्लीन होती है, बल्कि आपको अन्य भी कई तरह के फायदे मिल सकते हैं। तो चलिए जानते हैं कि घर पर हर्बल फेस वॉश किस तरह बनाएं-

अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो आप एलोवेरा और ग्रीन टी मदद से फेस वॉश बनाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। जहां एलोवेरा स्किन को आराम पहुंचाता है, वहीं ग्रीन टी फ्री रेडिकल्स से लड़ती है, और शहद नमी को बढ़ाता है, जिससे यह सेंसेटिव स्किन के लिए बेहतरीन ऑप्शन है।

आवश्यक सामग्री-

2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल

1 बड़ा चम्मच ग्रीन टी (ठंडी)

1 चम्मच शहद

**फेस वॉश बनाने का तरीका-**

सबसे पहले ग्रीन टी बनाएं और इसे पूरी तरह से ठंडा होने दें। एक छोटे कटोरे में, एलोवेरा जेल, ग्रीन टी और शहद डालकर मिलाएं। इसे तब तक मिक्स करें, जब तक कि एक चिकनी जेल जैसी कंसिस्टेंसी न बन जाए। इसे अपने चेहरे पर 1-2 मिनट तक मसाज करें, फिर गुनगुने पानी से धो लें।

अगर आपकी स्किन ऑयली या एक्ने प्रोन हैं, तो नीम और शहद की मदद से फेस वॉश बनाकर अप्लाई करें। नीम नेचुरली एंटी-बैक्टीरियल है और मुहांसे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करता है, जबकि शहद सूजन को शांत करता है और त्वचा को नमीयुक्त रखता है।

## लगातार हो रही है बलगम वाली खांसी? ये घरेलू नुस्खे आ सकते हैं काम



अगर आपको खांसी और/या बुखार के साथ सांस लेने में तकलीफ हो रही है. तो आपको छाती में इंफेक्शन या निमोनिया हो सकता है. सांस लेने में समस्या के कम आम कारण हैं फेफड़ों का कैंसर, फेफड़ों में खून का थक्का जमना, फेफड़ों के आसपास हवा का रिसाव और फेफड़ों के सेल्स पर निशान पड़ना. आदि शामिल हो सकता है. लगातार होने वाली खांसी ओवरऑल हेल्थ के लिए खतरनाक साबित हो सकता है.

आज हम आपको कुछ घरेलू उपाय बताने जा रहे हैं जिसके जरिए आप खांसी से निजात पा सकते हैं:

सूप और हॉट ड्रिंक पिएं: चाय या शोरबा जैसे बहुत सारे तरल पदार्थ पीने से आपके गले में बलगम पतला हो सकता है.

गर्म नमक के पानी से गरारे करें: गर्म नमक के पानी से गरारे करने से सूखे गले को नमी मिलती है.

ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करें: ह्यूमिडिफायर हवा में नमी लाता है, जिससे सूखी खांसी से राहत मिलती है.

स्टीम लें: भाप बलगम की रुकावट को दूर करने और आपके वायुमार्ग को खोलने में मदद कर सकती है. शहद आज़माएं: एक चम्मच शहद खांसी को कम करने में मदद कर सकता है. खांसी की दवा या हार्ड कैंडी चूसें: ये सूखी खांसी को कम करने और गले की जलन को शांत करने में मदद कर सकते हैं. हर्बल चाय पिएं: पुदीना, अदरक, स्लिपरी एल्म, थाइम, हल्दी या मार्शमैलो रूट से बनी हर्बल चाय मदद कर सकती है. मुलेठी आज़माएं: मुलेठी की जड़ की चाय अतिरिक्त बलगम को हटाने में मदद कर सकती है और यह एक प्राकृतिक सूजन-रोधी है. गर्म पानी में नींबू मिलाएं: गर्म पानी में नींबू की कुछ बूँदें गले के दर्द को कम कर सकती हैं.ोबायोटिक्स या ब्रोमेलैन सप्लीमेंट लें: इस बात के कुछ प्रमाण हैं कि ये सप्लीमेंट खांसी को कम करने में मदद कर सकते हैं. अगर आपकी खांसी बनी रहती है, तो आपको अपने लक्षणों का कारण जानने और सबसे अच्छा इलाज खोजने के लिए डॉक्टर से मिलना चाहिए.

## रोजाना फूलगोभी खाने से हो सकती हैं ये गंभीर बीमारियां, जानें इसके साइड इफेक्ट्स



आजकल सब्जी मंडी में ताजी फूलगोभी आने लगी है. फूलगोभी कई विटामिनों से भरपूर होती है और सेहत के लिए फायदेमंद होती है. फूलगोभी में ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं. फूलगोभी में विटामिन सी, विटामिन ए और विटामिन बी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. हालांकि, रोजाना फूलगोभी खाने से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है. इसलिए कुछ लोगों को फूलगोभी खाने से मना किया जाता है. फूलगोभी खाने से पेट फूलना, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं. जानिए किन लोगों को फूलगोभी नहीं खानी चाहिए?

इन लोगों को नहीं खानी चाहिए फूलगोभी:

गैस और सूजन की समस्या- जिन लोगों को अक्सर खान-पान की वजह से गैस और एसिडिटी की समस्या रहती है. उन्हें फूलगोभी का सेवन कम से कम करना चाहिए. फूलगोभी में कार्बोहाइड्रेट होता है, जो पाचन से जुड़ी समस्याओं को बढ़ा सकता है. फूलगोभी की सब्जी या पराठा खाने के बाद आपको गैस और सूजन की समस्या हो सकती है. इसलिए फूलगोभी का सेवन न करें.

थायराइड में फूलगोभी न खाएं- अगर आपको थायरॉइड की समस्या है तो फूलगोभी न खाएं. इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है. फूलगोभी खाने से थायरॉइड ग्रंथि की आयोडीन इस्तेमाल करने की क्षमता कम हो जाती है. इससे परेशानी हो सकती है. फूलगोभी खास तौर पर ङ्ग3 और ङ्ग4 हार्मोन के स्तर को प्रभावित कर सकती है. इसलिए थायरॉइड के मरीजों को फूलगोभी का सेवन कम से कम करना चाहिए. पथरी होने पर फूलगोभी न खाएं- पथरी होने पर भी फूलगोभी का सेवन नहीं करना चाहिए. यह नुकसानदायक हो सकता है. खासकर अगर आपके पित्ताशय और किडनी में पथरी है तो आपको फूलगोभी खाने से बचना चाहिए. फूलगोभी में कैल्शियम होता है जो पथरी की समस्या को बढ़ा सकता है.

ब्लड क्लॉटिंग की समस्या होने पर - अगर आपको ब्लड क्लॉटिंग की समस्या है तो फूलगोभी का सेवन बिल्कुल न करें. फूलगोभी में पोटैशियम की मात्रा बहुत अधिक होती है जो शरीर में खून को गाढ़ा कर सकता है. इसलिए फूलगोभी का सेवन सीमित करें या बिल्कुल न खाएं.

प्रेग्नेंसी में फूलगोभी न खाएं - प्रेग्नेंसी में भी आपको फूलगोभी का सेवन करने से बचना चाहिए. इससे कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं. खासकर प्रेग्नेंसी में इससे गैस, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याएं हो सकती हैं. इसलिए फूलगोभी से परहेज करना जरूरी है.

## मृणाल ठाकुर ने रिवीलिंग गाउन में ढाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स के छूटे पसीने



बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर आज किसी भी पहचान की मोहतजा नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने बतौर टीवी एक्ट्रेस अपने करियर की शुरुआत की थी और अब वो बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री में से एक हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर उनकी अदाओं को देखकर लट्टू हो गए हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने गोल्डन कलर का रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा गॉर्जियस नजर आ रही हैं।

मृणाल ठाकुर जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स को देखकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- बेहद खूबसूरत लग रही हैं आप। तीसरे यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है। वो आए दिन अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

## 100 साल बाद 5 दुर्लभ योग में मनाई जायेगी धनतेरस



गुरु पुष्य के बाद दीपावली से पहले खरीदारी का दूसरा महामुहूर्त धनतेरस 29 अक्टूबर को रहेगा। इस दिन खरीदारी का तीन गुना लाभ देने वाला त्रिपुष्कर के साथ ही लक्ष्मीनारायण योग भी बनेगा। इस दिन सोना-चांदी, बर्तन के साथ भूमि-भवन, इलेक्ट्रानिक सामग्री के साथ ही सभी प्रकार की चल-अचल संपति की खरीदी में निवेश लाभप्रद होगा।ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि धनतेरस 29 अक्टूबर 2024 को होगा। धनतेरस नाम धन और तेरस शब्दों से आया है जहां धन का अर्थ धन और समृद्धि है और तेरस का अर्थ हिंदू कैलेंडर का 13 वां दिन है। इस दिन भगवान धन्वतरि जो स्वास्थ्य के देवता हैं उनकी पूजा की जाती है। इनकी आराधना से रोग से मुक्ति मिलती है। हालाँकि, धनतेरस के दिन कुबेर देव और देवी लक्ष्मी की पूजा करने की भी परंपरा है। इस साल धनतेरस पर 100 साल बाद त्रिग्रही योग यानी त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, वैधृति योग और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का महासंयोग बन रहा है।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि की शुरुआत मंगलवार 29 अक्टूबर को सुबह 10.32 से 30 अक्टूबर को दोपहर 1.16 बजे तक रहेगी। इस दिन त्रिपुष्कर योग बन रहा है। इसमें किए गए कार्य के प्रभाव को तीन गुना बढ़ा देता है। इस योग में शुभ कार्यों को करना उत्तम माना जाता है। साथ ही ऐसे कार्यों, जिसमें हानि संभावित हो उन्हें करने से बचना चाहिए। इसके अतिरिक्त शुक्र पहले से वृश्चिक राशि में है, जबकि धनतेरस पर वृश्चिक राशि में बुध के आने लक्ष्मीनारायण योग भी निर्मित होगा।

**धनतेरस पर तीन गुना फायदा देने वाला योग**

भविष्यवक्ता ने बताया कि 29 अक्टूबर को धनतेरस पर तिथि वार और नक्षत्र से मिलकर त्रिपुष्कर नाम का शुभ योग बन रहा है। इस शुभ योग में किए गए निवेश से तीन गुना फायदा मिल सकता है। त्रिपुष्कर योग में खरीदारी भी तीन गुना शुभ और फायदेमंद मानी जाती है। इस दिन बिजनेस और शुभ कामों की शुरुआत करनी चाहिए। जो लोग 30 तारीख को खरीदी करना चाहते हैं, उनके लिए अगले दिन सर्वार्थसिद्धि योग में खरीदारी करना भी शुभ फलदायी रहेगा।

**धनतेरस तिथि**-भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि पंचांग के अनुसार कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ 29 अक्टूबर सुबह 10.32 बजे से से होगा। यह तिथि अगले दिन 30 अक्टूबर दोपहर 01.16 बजे तक रहेगी। चूंकि धनतेरस का त्योहार प्रदोष काल में मनाने की परंपरा है, इसलिए यह 29 अक्टूबर को मनाई जाएगी।

त्रयोदशी तिथि प्रारम्भ -29 अक्टूबर सुबह 10.32 बजे से, त्रयोदशी तिथि समाप्त - 30 अक्टूबर दोपहर 01.16 बजे तक

**धनतेरस पर शुभ योग** -भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि धनतेरस पर इस बार 100 साल बाद दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है, धनत्रयोदशी यानी धनतेरस के दिन त्रिग्रही योग, त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, लक्ष्मी नारायण योग, शश महापुरुष राजयोग कुल 5 शुभ संयोग बन रहे हैं। ऐसे में पूजा और खरीदारी का विशेष लाभ मिलेगा।

इंद्र योग - 28 अक्टूबर 2024, सुबह 6.48 - 29 अक्टूबर 2024, सुबह 07.48 तक ,त्रिपुष्कर योग - 06.31 - सुबह 10.31 (29 अक्टूबर)

**लक्ष्मी-नारायण योग** - धनतेरस के दिन वृश्चिक राशि में शुक्र और बुध एक साथ विराजमान रहेंगे, ऐसे में लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होगा।

**शश महापुरुष राजयोग** - धनतेरस पर शनि अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में रहेंगे। जिससे शश महापुरुष राजयोग बनेगा, ऐसे में शनि की कृपा भी प्राप्त होगी।

खरीदारी के लिए चौघड़िया

चर . सुबह 9.18 से 10.41 बजे तक।

लाभ . सुबह 10.41 से दोपहर 12.05 और शाम 7.15 से 8.51 बजे तक।

अमृत . दोपहर 12.05 से 1.28 बजे तक।

शुभ . दोपहर 2.51 से 4.15 बजे तक।

प्रदोषकाल में पूजन मुहूर्त 1 घंटा 31 मिनट

धनतेरस से पंच पर्व की शुरुआत होगी। भगवान धन्वंतरि के अतिरिक्त सुख-समृद्धि के लिए धन लक्ष्मी और कुबेर का पूजन किया जाता है। इसके साथ अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति के लिए यम दीप दान करते हैं। लक्ष्मी-कुबेर पूजन के साथ यम दीप दान के लिए प्रदोषकाल में शाम 6.31 से रात 8.13 बजे तक 1 घंटा 42 मिनट का श्रेष्ठ समय है।

प्रदोषकाल शाम 5.38 से रात 8.13 बजे तक रहेगा। 29 अक्टूबर को धनतेरस पर दीपदान की होगी शुरुआत

धनतेरस जिसे धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती भी कहते हैं पांच दिवसीय दीपावली का पहला दिन होता है। धनतेरस के दिन से दीपावली का त्योहार प्रारंभ हो जाता है। मान्यता है इस तिथि पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन से अमृत कलश लेकर प्रगट हो हुए थे। इसी कारण से हर वर्ष धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा निभाई जाती है। कहा जाता है जो भी व्यक्ति धनतेरस के दिन सोने-चांदी, बर्तन, जमीन-जायजाद की शुभ खरीदारी करता है उसमें तेरह गुना की बढ़ोत्तरी होती है। चिकित्सक अमृतधारी भगवान धन्वन्तरि की पूजा करेंगे। इसी दिन से देवता यमराज के लिए दीपदान से दीप जलाने की शुरुआत होगी और पांच दिनों तक जलाए जाएंगे। लोकाचार में इस दिन खरीदे गए सोने या चांदी के धातुमय पात्र अक्षय सुख देते हैं। लोग नए बर्तन या दूसरे नए सामान खरीदेंगे।

## 75 प्लस महिलाओं के लिए हेमा मालिनी की ये साड़ियां हैं बेस्ट



## शब्द सामर्थ्य -220

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 219 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | र्रा |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

एसईसीएल अंतर-क्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता

# बैकुंठपुर रेस्क्यू टीम का धमाकेदार प्रदर्शन, विजेता ट्रॉफी पर किया कब्जा

**चरचा कालरी।** स्थानीय श्रम वीर स्टेडियम में एसईसीएल द्वारा आयोजित अंतर-क्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता में बैकुंठपुर रेस्क्यू टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। उपविजेता का खिताब गेवरा-दीपिका-रायगढ़ क्षेत्र की टीम ने अपने नाम किया, जबकि हसदेव क्षेत्र की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित एसएन कापरी (निदेशक तकनीकी), फ्रैंकलिन जयकुमार (निदेशक बचाव), बीरची दास (निदेशक कार्मिक), सुनील कुमार (निदेशक वित्त) और हिमांशु जैन (मुख्य सतर्कता अधिकारी) समेत अन्य गणमान्य अधिकारी शामिल रहे।

प्रतियोगिता के दौरान बैकुंठपुर टीम ने ओवरऑल प्रथम स्थान के साथ-साथ रेस्क्यू रिकवरी में द्वितीय स्थान, रिले रेस में तृतीय स्थान, और थ्योरी में द्वितीय स्थान हासिल किया। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए टीम के उप-कप्तान महेश कुमार यादव को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विजेता टीम के कप्तान भूपेंद्र कुमार, उप-कप्तान महेश कुमार यादव, सदस्य केशव सिंह, प्रशांत भूषण मिश्रा, मुकेश कुमार, दीपक सेन, और नंदकुमार साव की मेहनत को कोच योगेंद्र मिश्रा व टीम मैनेजर के अंसारी के मार्गदर्शन ने सफलता का मुकाम दिलाया।

बैकुंठपुर क्षेत्र की महिला टीम का प्रदर्शन- प्रतियोगिता की सबसे खास बात यह रही कि बैकुंठपुर क्षेत्र की एकमात्र महिला टीम भी इसमें शामिल थी, जिसमें प्रिया खाखा, सविता किसपोटा, और पिंकी ने हिस्सा लेकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति- समापन समारोह में स्कूली बच्चियों द्वारा शिव तांडव नृत्य की जबरदस्त प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। विभिन्न क्षेत्रों से आई टीमों ने भी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा।



रेस्क्यू टीमों की भूमिका का महत्व- रेस्क्यू टीमें कोयला खदानों में सुरक्षा का प्रमुख आधार हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति जैसे गैस रिसाव, भूस्खलन, या खदान दुर्घटना के समय ये टीमें प्रशिक्षित सहायता प्रदान कर अनमोल जीवन की रक्षा करती हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य एसईसीएल कर्मचारियों में बचाव कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना था।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमें- प्रतियोगिता में चिरमिरी, हसदेव, जमुना, कोतमा, सोहागपुर, जोहिला, कोरबा, गेवरा-दीपिका-रायगढ़, और भटगांव क्षेत्रों की टीमों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी टीमों ने कठिन परिश्रम और संयम का परिचय देते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन में अपनी दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया।

रेस्क्यू ऑपरेशन की इस चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता ने एसईसीएल कर्मचारियों को भविष्य के किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया है।

# स्कूली बच्चों को महत्वपूर्ण विषयों पर किया गया जागरूक

**सूरजपुर-रायपुर।** स्वामी आत्मानंद माध्यमिक स्कूल जयनगर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयनगर, एसएचजी समूह की बैठक शिवनंदपुर में यूनिसेफ़और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह और बाल संरक्षण के महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों को और समूह की महिलाओं को बाल विवाह की हानियों और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। ज़िला बाल संरक्षण अधिकारी, मनोज जयसवाल ने विद्यार्थियों को बताया कि को बच्चों के संरक्षण के क्षेत्र में काम करने का आह्वान किया,बच्चे ही कल के भविष्य हैं, ये सुरक्षित हैं तो हमारा भविष्य भी सुरक्षित है, पॉक्सो एक्ट में बच्चों को लैंगिक अपराध से बचाने के लिए प्रावधान दिये गये हैं, बच्चों को गलत तरीके से घूरना,पीछा करना,रास्ता रोकना, ग़लत चित्र दिखाना, गलत तरीके से छुना भी अपराध है, गुड टच बैड टच के बारे भी विस्तृत जानकारी दी गई, बच्चो को मानव तस्करी के बारे में बच्चो को जानकारी दी गई इसमें गावों से दलालों के द्वारा बच्चो को काम के बहाने एक शहर से दूसरे शहर और राज्यो में बच्चो ले जा कर उनका शोषण किए जाता है, बच्चो को काम के अलावा अपने पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा गया। सोशल मीडिया के उपयोग कितना करना है सोशल मीडिया माध्यम से होने वाले साइबर क्राइम से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए इसके बारे जानकारी दी गई , घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के बारे जानकारी दी गई ,जेजे एक्ट में बच्चों को नशे से बचाने के लिए नए प्रावधान दिये गये हैं जिसमें यदि कोई बच्चे को नशा कराता है या नशे का समान बेचता है उसे एक लाख रुपये जुर्माना व दो वर्ष के सजा का प्रावधान है, चुप्पी तोड़ो गतिविधिय से बच्चो को बोलने के लिये प्रेरित किया गया। जायसवाल ने चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098,181,112 के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी, साइबर क्राइम और नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह मुक्त सूरजपुर ज़िला बनाने के लिए शपथ भी ली।

यूनिसेफ़ के ज़िला समन्वयक प्रथमेश मानेकर ने एसएचजी समूह की महिलाओं के साथ बाल विवाह मुक्त सूरजपुर अभियान पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ महिलाओं को सशक्त बनाना और जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम में बाल विवाह की परिभाषा, इसके कारण, नकारात्मक प्रभाव और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की इसके साथ भी शाला त्यागी बच्चों, बच्चों की सही परवरिश (गुड पैरेंटिंग), बच्चों के अधिकार और सोशल मीडिया के प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को बाल विवाह रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की प्रेरणा दी। चाइल्ड लाइन से रमेश जी ने चाइल्ड लाइन की सेवाओं के बारे में जानकारी दी और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) और 100 (पुलिस हेल्पलाइन) जैसी टोल-फ्री सेवाओं की जानकारी साझा की।

## सीएम हाउस में राष्ट्रपति ने रोपा बेल का पौधा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आमंत्रण पर उनके नवा रायपुर स्थित निवास पहुंची राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने निवास परिसर में बेल का पौधा रोपा। उनके साथ राज्यपाल रमेन डेका ने आंवला का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के स्वागत में जशपुर जिले से आए करमा नर्तक दल ने मनमोहक शैली में नृत्य प्रस्तुत किया। इन मंजे हुए कलाकारों की मांदर की थाप पर लयबद्ध प्रस्तुति देखकर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने करमा नर्तक दलों के बीच पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके साथ फोटो खिंचवाई।

## सूने मकान से चोरों ने किया नगदी पार

**भिलाई नगर-रायपुर।** हुडको सेक्टर भिलाई में हैदराबाद गए परिवार के सूने मकान पर चोरों ने बीती रात धावा बोला है। आरोपियों ने मकान का ताला तोड़ा और भीतर प्रवेश कर रात में इत्मीनान से चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। भिलाई निगम में प्रभारी मेयर सीजू एंथोनी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने भी मौका-ए-वारदात का मुआयना किया है।

प्रभारी महापौर सीजू एंथोनी ने बताया कि एमआईजी-1/200 हुडको निवासी प्रसाद राव के मकान मे बीती रात चोरी हुई है। श्री राव परिवार सहित हैदराबाद गए हुए हैं। उनके रिश्तेदार को सूचना मिलते ही वो भी हुडको पहुंचे। इस चोरी की वारदात के मद्देनजर पुलिस टीम ने आस पास के सीसीटीवी फुटेज निकलवाया तो चोर कैमरे की नजर से बच नहीं पाए। फुटेज में साफ नजर आ रहे हैं। घटनास्थल पर मौजूद प्रभारी महापौर सीजू एंथोनी एवं अधिवक्ता रविशंकर सिंह ने ही तत्काल पुलिस प्रशासन को घटना से अवगत कराया। मकान मालिक हैदराबाद गये हुए हैं इसलिए चोरी गए समान का एग्जेक्ट आंकलन फिलहाल नहीं हो पाया है। प्रारंभिक मुआयना पर प्रसाद के रिश्तेदार ने विडियो काल कर घर के हालात दिखाएं तो दो सोने की चैन और लगभग 50 से 60 हजार कैश चोरी होने की बात सामने आई है। पुलिस की तफ्तीश जारी है। घर के अगल बगल लगे सीसीटीवी में चोरी की नियत से अलसुबह लगभग 4 बजे दो युवक फुटेज में दिखाई पड़ रहे हैं जिन्होंने प्रसाद राव के घर के नजदीक पहुंचते ही चेहरे को गमछे से ढंका और फिर भीतर प्रवेश किया है।

## राष्ट्रपति एवं राज्यपाल ने जगन्नाथ भगवान के किए दर्शन

**रायपुर।** रराष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु और राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज सुबह गायत्री नगर रायपुर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु श्री जगन्नाथ भगवान की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों सहित देशवासियों की समृद्धि एवं सुख-शांति की कामना की।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## टेंट हाऊस का सामान लेकर पिकअप चालक फरार

**रायपुर।** ग्राम केंद्री स्थित लेखन टेंट हाउस का सामान किराए पर ले जाकर वापस नहीं किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लेखन साहू 21 वर्ष ग्राम केंद्री का रहने वाला है। प्रार्थी टेंट हाऊस चलाता है। बताया जाता है कि पिकअप क्रमांक सीजी 04 जेडी 6789 के चालक ने प्रार्थी के दुकान से टेंट हाऊस का सामान लेकर गया और वापस नहीं किया। सामान की कीमत करीब 58700 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## 12 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 9830 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने सुलभ शौचालय के पास जोरापारा में जुआ खेलते आरोपी शुभम यादव 21 वर्ष सहित अन्य 3 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 1130 रुपए जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ग्राम सिवनी के स्कूल चौक के पास जुआ खेलते आरोपी तोरण लाल वर्मा 65 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 3 हजार रुपए जब्त किया है। वहीं आरंग पुलिस ने तालाब के पास जुआ खेलते आरोपी राजेश कुमार लोधी 55 वर्ष सहित अन्य 4 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 5700 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने गुरूनानक चौक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी अंसुल रामटेके 35 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी रोहित बाग 30 वर्ष व आसुतोष श्रीवास 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी अनुप सोनी 32 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी माखन लाल वर्मा 55 वर्ष व नेवरा पुलिस ने आरोपी गोपाल वर्मा 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने पुराना संचनालय के पास चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी करण तांडी 18 वर्ष पुराना संचनालाय के सामने चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्ताार कर चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## चोरी के लोहा खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार

**दुर्ग।** जिले के भिलाई जामुल पुलिस ने चोरी का लोहा खरीदने वाले कबाड़ी सुरेश पाण्डेय उर्फ पाण्डेय कबाड़ी को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से चोरी का लोहा जब्त किया है। पाण्डेय कबाड़ी को ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन और स्टील चैंबर के लोगों ने मिलकर पकड़वाया है। उन्होंने कहा कि वो इस पर एफआईआर भी दर्ज कराएंगे।

मिली जानकारी के अनुसार भिलाई के लोहा व्यापारी और बीटी एसोसिएट के संचालक विपिन त्रेहान की गाड़ी से लोहे की बड़ी प्लेट चोरी हुई थी। जब उन्होंने पता किया तो वो प्लेट पाण्डेय कबाड़ी को बेचा गया है तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने कबाड़ी के गोदाम से चोरी का लोहा बरामद किया। साथ ही उक्त कबाड़ी से लोहा व्यापारी दीपक का बीलेट्स और बृजमोहन का पिग आयरन भी जब्त हुआ है जो चोरी हुआ था। विपिन ने बताया कि इन कबाड़ी और ट्रक ड्राइवरों का बड़ा नेटवर्क है। ये लोग ट्रक ड्राइवर से सेटिंग करके रखते हैं। जब वो बीएसपी से लोहा लोड करके आता है तो रास्ते में एक दो प्लेट कबाड़ियों के यहां उतार देता है। उन्होंने बताया

# हत्या को आत्महत्या का स्वरूप देने का प्रयास कर रही है पुलिस: दीपक बैज

**बलरामपुर रामनुजगंज।** बलरामपुर रामनुजगंज स्वास्थ्य कर्मचारी की पुलिस हीरासत में हुई मौत के बाद सियासत गरमा गई है आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज कांग्रेस नेताओं के साथ संतोषी नगर पहुंचे जहां उन्होंने पीड़ित परिवार के घर में स्वजनों मुलाकात कर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने गुरु चंद मंडल की पीट-पीटकर हत्या हुई है जिसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है उन्होंने चार दिन तक थाने में बैठ कर लगातार प्रताड़ित करने का आरोप लगाया एवं दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने एवं हाई कोर्ट के सिटिंग जज से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की। उन्होंने पीड़ित परिवार के भरण पोषण की भी मांग की। दीपक बैज ने कहां की बेहरमी से पिटा गया हाथों को जूते से कुचला गया उन्होंने कहा कि यही विष्णु देव सरकार का सुशासन है। पुलिस के द्वारा पीट-पीटकर हत्या की गई जिसके बाद साक्षय छुपाने का प्रयास हुआ। जब गुरुचंद मंडल की मौत हुई तो उनके परिवार जनों को अलग बंद क्यों रखा गया। पंचनामा कर बॉडी क्यों नहीं उतारी गई, पोस्टमार्टम के समय परिवार जनों को बॉडी क्यों नहीं देखने दी गई यहां तक की परिवार जनों के सामने पंचनामा भी नहीं हुआ। पोस्टमार्टम के बाद सबूत को मिटाने के लिए शव को जलाने के लिए जबरदस्ती ले जाया गया। पुलिस कहीं न कहीं छिपाना चाहती थी हत्या हुई थी जिसे आत्महत्या का स्वरूप देना चाहती थी। पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है। पूरे मामले में सरकार की ओर से जवाब आना चाहिए। सरकार को स्पष्ट बोलना चाहिए कि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। जनता पुलिस थाने में सुरक्षित नहीं है तो और कहां सुरक्षित रहेगी। इस दौरान अंबिकापुर महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह, मधु गुप्ता लालसाय केपी सिंह, अजय गुप्ता, राजू सिंह सहीत कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

दीपचंद मंडल के शव को दफ्नाया गया। काफी गहमा गहमी के बीच शुक्रवार को गुरुचंद मंडल के शव यह अंतिम संस्कार लिए संतोषी नगर लाया गया था देर शाम तक बड़ी संख्या में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी मौके पर मौजूद थे जिन्होंने शव को जलाने के लिए काफी समझाइए स्वजनों को दी परंतु शुक्रवार को शव अंतिम संस्कार नहीं हो सका आज दोपहर 12 बजे करीब शव को दफ्नाया गया। रोते बिलखते ने घटनाक्रम से अवगत कराया स्वजनों पीसीसी चीफ को....... कांग्रेस नेताओं के साथ आज जब पीसीसी चीफसंतोषी नगर में पीड़ित परिवार के स्वजनों से मिलने पहुंचे तो रोते बिलखते स्वजनों ने घटनाक्रम की जानकारी उन्हें दी। स्वजनों ने कहा कि दीपचंद ने आत्महत्या नहीं कीया बल्कि उसकी हत्या की गई है दोषियों को सजा मिलनी चाहिये।

## नाराज प्रमोद दुबे को कांग्रेस ने दी बड़ी जिम्मेदारी

**रायपुर।** शनिवार को दक्षिण विधानसभा उप चुनाव को लेकर राजीव भवन में बैठक आयोजित की गई। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत प्रभारी सचिव एस सम्पत जरिता लेंतफ लांग, विजय जांगिँड पूर्व मंत्री, विधायक पूर्व विधायक, सहित बूथ सेक्टर के प्रभारी आमंत्रित थे। बैठक में रायपुर दक्षिण प्रत्याशी आकाश शर्मा, पार्षद,पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू,, उमेश पटेल, अनिला भेड़िया, गुरु रूद्र कुमार, पूर्व सांसद छाया वर्मा भी रहे।

इसमें बूथ मेनेजमेंट और प्रचार अभियान पर चर्चा हुई। इसमें सामाजिक बैठकों के लिए आठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। जिसके तहत पार्टी से नाराज चल रहे सीनियर नेता प्रमोद दुबे को ग्यानेश शर्मा के साथ ब्राह्मण समाज से चर्चा करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह मुस्लिम वोटर्स से चर्चा करने महापौर एजाज ढेबर,फैसल रिजवी, साहू समाज से विधायक संदीप साहू, जैन समाज गजराज पगारिया, उधोराम वर्मा और देवेंद्र यादव ओबीसी वर्गों में बैठकें कर समर्थन जुटाएंगे। इनके अलवावा पार्टी ने 8 अन्य समितियां भी बनाई है।

## राज्योत्सव के साथ राज्य में कई बड़ी योजनाओं का होगा श्रीगणेश

**रायपुर।** 1 नवंबर राज्योत्सव के दिन प्रदेश में कई बड़ी योजनाओं की शुरूआत होने वाली है। इन सभी योजनाओं की घोषणा 1 नवंबर को मुख्यंमत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इन नई योजनाओं में श्रमिक, हेल्थ, फूड और शिक्षा पर फोकस दिया जा रहा है। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने इन योजनाओं को लेकर नवा रायपुर के मण्डल कार्यालय में संचालक मंडल की बैठक ली है। इस बैठक में सभी योजनाओं पर अनुमोदन हो गया है या कहे की एक तरह से स्वीकृति दे दी गई है। प्रदेश सरकार ने शिक्षा पर जोर देते हुए श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना की शुरूआत करने वाली है। इस योजना से श्रमिकों के बच्चे बड़े और प्राइवेट शिक्षण संस्थान में शिक्षा प्राप्त कर पाएंगे। वहीं इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया 1 नवंबर से शुरू की जाएगी। नि:शुल्क कोचिंग योजना-मजदूर परिवार सशक्तिकरण योजना, रजिस्टर्ड निर्माण श्रमिकों के बच्चों को आईआईटी, जेईई, नीट, सीए की परीक्षा के लिए नि:शुल्क कोचिंग योजना की शुरुआत होगी। विभाग के उच्च अधिकारियों ने इन सभी योजनाओं की जानकारी श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन को बैठक में विस्तृत रूप से दी है। श्रम अन्न योजना-मंडल की बैठक में श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रमिक सम्मेलन में घोषणा की थी कि शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना सभी जिलों में लागू होगी। तो इसे भी शुरू किया जा रहा है। इसके तहत 5 रुपए में श्रमिकों को पौष्टिक भोजन की सुविधा मिलेगी। नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण-इस बैठक में श्रमिकों और उनके परिवारजनों के नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराएं जाने पर विस्तृत चर्चा हुई जिसके बाद इस योजना पर भी मुहर लग गई। स्वास्थ्य विभाग, ईएसआईसी से भी परीक्षण कराएं जाने का निर्णय लिया गया। इससे 26 लाख से अधिक श्रमिकों और उनके परिवारजनों को इसका फायदा मिलेगा। सहायता राशि-मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत बूथ पंजीकृत निर्माण श्रमिक को काम के दौरान किसी दुर्घटना में मृत्यु होने पर 5 लाख रूपए, स्थाई दिव्यांगत में ढाई लाख, सामान्य मृत्यु पर उनके वैध उत्तराधिकारी को एक लाख रूपए की राशि दी जाती है।

## नाबालिग का अश्लील विडियो बनाकर किया ब्लैकमेल,युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के आमापारा क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की का अश्लील विडियों बनाकर ब्लैकमेल कर रूपये वसूलने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। रायपुर के एक नाबालिग लड़की ने आमापारा इलाके के उड़िया बस्ती के निवासी विष्णु सोनी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# आईबी अफसर के घर से 4.50 लाख की चोरी

**रायपुर।** सेंट्रल इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के एक अधिकारी के घर में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। यह घटना हाई प्रोफाइल कॉलोनी वॉलफोर्ट पैराडाइज में हुई, जहां चोरों ने अधिकारी के घर को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि आईबी अधिकारी अपने परिवार के साथ दिल्ली अपने मूल निवास गए हुए थे, जिसके कारण उनका घर खाली था। चोरों ने घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण और 50 हजार रुपए की नगदी समेत कुल 4 लाख 50 हजार रुपए का सामान पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी मिलने के बाद, मुजगहन थाना क्षेत्र की पुलिस ने तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी। साथ ही, फोरेंसिक और क्राइम ब्रांच की टीम भी मौके पर पहुंच गई है, ताकि सबूत इकट्ठा कर सके और चोरों को जल्द से जल्द पकड़ सकें। सेंट्रल इंटेलिजेंस ब्यूरो में पदस्थ प्रवीण कुमार सिवान का कांदुल रोड के वॉलफोर्ट पैराडाइज में घर है। 19 अक्टूबर को प्रवीण अपने परिवार के साथ मूल निवास दिल्ली गए थे।

पड़ोसी रामकिशोर प्रजापति ने प्रवीण को बताया कि उनके घर का ताला टूटा है। इसके बाद इसी दिन रात को प्रवीण दिल्ली से रायपुर पहुंचे। घर के अंदर जाकर देखा तो प्रवीण को लॉकर से डायमंड लगा सोने का ब्रेसलेट, दो सोने के कंगन, तीन सोने की चेन, चांदी की पायल, चांदी के कीमती सामान और 50 हजार नगदी के साथ सीसीटीवी का डीवीआर आदि ले गए। चोरी के सामान की कीमत 4 लाख 50 हजार रुपए है।

## नवंबर माह में राष्ट्रीय नेताओं के छत्तीसगढ़ आने के संकेत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ जल्द ही अपने 25 वां वर्षगांठ मनाने वाला है । 01 नवंबर को छत्तीसगढ़ अपना 24 वर्ष पूरा करेगा । नवंबर माह छत्तीसगढ़ के लिए खास रहने वाला है क्योंकि इस माह कई बड़े आयोजन प्रदेश में होंगे और कई बड़े नेताओं के साथ बड़े व्यक्तित्व वाले हस्तियों का छत्तीसगढ़ आगमन होना है। मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के साथ बॉलीवुड सिंगर शांतनु मुखर्जी (शान), नीति मोहन और इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुनिदिता छत्तीसगढ़ आयेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आ सकते हैं । दरअसल, जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। सूत्रों के हवाले से ख़बर है कि इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही जनजातीय समाज के विभिन्न लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संवाद करते नजर आएंगे।

## एसी ब्लास्ट, कारोबारी सहित 2 की मौत:ऑटोमैटिक डोर हुए लॉक

**रायपुर।** रायपुर में शनिवार रात एक बिल्डिंग में आग लगने से कारोबारी और भाजपा नेता के भाई सहित 2 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि ष्ट फटने से हादसा हुआ है। सूचना मिलने पर पहुंचे फायरकर्मियों ने अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसा देवेंद्र नगर में हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, सेक्टर-1 में रेसिडेंशियल कम कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स है। इसमें सेकेंड फ्लोर पर कारोबारी आरिफ मंजूर खान (48) की ऑटोमेशन आर्ट कंपनी का दफ्तर है। रात करीब 8 बजे दफ्तर में जोरदार ब्लास्ट हुआ। इसके साथ ही दरवाजे ऑटोमेशन से लॉक हो गए। मृतकों की पहचान मशरत खान (26) और आरिफ मंजूर खान (48) के रूप में हुई है। मृतकों की पहचान मशरत खान (26) और आरिफ मंजूर खान (48) के रूप में हुई है।

**दरवाजा ऑटोमेशन से लॉक था, अंदर भरा था धुआं**

बताया जा रहा है कि ब्लास्ट इतनी तेज हुआ कि खिड़की के शीशे तक टूट गए। शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और बचाने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा अंदर से लॉक था। इसके बाद पुलिस और फायरकर्मियों को सूचना दी गई। इस बीच कमरे में धुआं भरता चला गया।

फायरकर्मी पहुंचे और उन्होंने कमरे का दरवाजा तोड़ा। तब तक अंदर काला धुआं भर चुका था। कारोबारी आरिफ मंजूर के साथ ही उनकी महिला कर्मचारी मशरत खान (26) बेहोश पड़े थे। दोनों को निकालकर फायरकर्मियों ने अस्पताल भिजवाया, लेकिन डॉक्टरों ने वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया।

डॉक्टरों ने बताया कि उनके शरीर पर जलने के निशान भी मिले हैं। आशंका है कि एसीब्लास्ट होने से आग लगी और दोनों इससे झुलस गए। या फिर उन्होंने आग लगने के बाद बचने की कोशिश की होगी, लेकिन उसमें सफल नहीं हो सके। दोनों के शवों का रविवार को पोस्टमॉर्टम होगा। पुलिस और फॉरेंसिक की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि, आरिफ मंजूर के ऑफिस ऑटोमेशन आर्ट का पूरा सिस्टम ऑटोमैटिक था। जो उनका कारोबार था, वही सिस्टम पूरे ऑफिस में भी लगाया गया था। ऑफिस साउंड प्रूफ था। इसलिए भीतर की आवाज बाहर नहीं आती थी।

मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से ही पूरा सिस्टम ऑपरेट होता था। चर्चा है कि रात 8.30 बजे ऑफिस बंद करने तैयारी में थे। मशरत सामान समेट रही थी।

शराब दुकानों में सीमित कर्मी लेकिन भुगतान लिया जा रहा ज्यादा के लिए

# सरकार के कोष पर डाका डाल रही निजी कंपनी, क्या होगी कार्रवाई

**कोरबा।** कार्पोरेट सेक्टर के साथ-साथ सरकारी क्षेत्र में भी कई प्रकार के काम आउटसोर्सिंग से कराए जा रहे हैं। खर्चे बचाने के साथ सीमित लोगों को रोजगार दिए जाने की मंशा इस स्कीम में है। लेकिन भुगतान आखिरकार सरकार से लेकर ही करना है। आबकारी विभाग के नियंत्रण में शराब दुकानों को संचालित करने के लिए पिछले दरवाजे से भरे गए कर्मियों के मामले में प्लेसमेंट एजेंसी सीधे-सीधे छत्तीसगढ़ सरकार को हर महीने लाखों की चपत लगा रही है। संभव है कि प्रकरण जांच एजेंसियों के संज्ञान में आता है तो इस घोटाले में नए खुलासे हो सकते हैं।

प्रदेश के सभी जिलों में प्लेसमेंट के जरिए ही शराब दुकानों के संचालन के लिए सुरक्षा कर्मी सहित अन्य स्टाफ की भर्ती इस वित्त वर्ष में की गई। कर्मियों को निश्चित वेतन देना तय किया गया। कोरबा जिले में देशी-विदेशी शराब की 42 दुकानों के संचालन हेतु विभाग ने विज्ञापन निकाला लेकिन अन्य प्रक्रियाएं दूसरे स्तर पर हुए। खबर के अनुसार दूसरे प्रदेश से वास्ता रखने वाली ग्लोबल एजेंसी ने इस काम में रूचि दिखाई और कोरबा सहित कुछ जिलों का कामधाम हथिया लिया। एसईसीएल, सीएसईबी आदि कंपनियों में सिक्यूरेटी एजेंसी जिस तरह का गोलमाल नियोजन (वास्तविक कर्मियों से कहीं ज्यादा) को लेकर करती रही है। वही तरीका शराब दुकानों के संचालन को लेकर अपनाया गया। सूत्रों ने बताया कि गिनती के कर्मी एक-एक दुकान को




चलाने के लिए रखे गए हैं लेकिन कागजों में दिखाया जा रहा है कि अधिक कर्मी यहां नियोजित किए गए हैं। बकायदा इन सभी के लिए बायोमेट्रिक्स की व्यवस्था की गई है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इतने लोगों से काम लिया जा रहा है। इनमें से कुछ ही कर्मियों को पूरा वेतन की पात्रता है जबकि सांठगांठ के तौर पर कंपनी ने जिन कर्मियों को रखा है वे कुछ ही हिस्सा प्राप्त करते हैं जबकि वेतन की काफी राशि कंपनी को उसके भ्रष्टाचार के लिए वापस करनी पड़ती है। यह खेल वित्त वर्ष की शुरुआत से लेकर लगातार चल रहा है। बताया गया कि हाल में ही दो कर्मचारियों के साथ विवाद और इनमें से एक की बाइक को जबरिया ठेकेदार व उसके गुर्गों के द्वारा छीने जाने के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। आगे की परतें खुली तो मालूम चला कि प्लेसमेंट एजेंसी ऐसे अनेक कर्मचारियों के कंधे पर बंदूक रखकर विष्णुदेव के सुशासन को पलीता लगाने में लगी है। सूत्रों का कहना है कि एक ही जिले से हर महीने कर्मियों के नाम पर फर्जी भुगतान उठाया जा रहा है। बताया गया कि चूंकि एक ही पैटर्न पर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में शराब दुकान के संचालन के लिए कर्मी नियोजित किए गए हैं इसलिए इस बात की पूरी संभावना है कि एजेंसी ने इस तरह का खेल वहां भी पुख्ता तौर पर किया होगा।

### अफसरों को देना है, यह कहकर काट लिए 2-2 हजार रुपए

इसके अलावा एजेंसी ने देशहरा और दीपावली का नाम लेकर पिछले महीने अपनी 42 शराब दुकानों में काम करने वाले सभी कर्मचारियों के वेतन से 2-2 हजार रुपए काट लिए। तर्क दिया गया कि अटेंडेंस शार्ट रही और कुछ मात्रा में शराब की बोतलें टूट गई इसकी भरपाई कर्मियों से ही करेंगे। जबकि अनेक पीड़ित कर्मियों ने बताया कि विभाग के अधिकारियों को फेस्टिवल सीजन में खुश करने के नाम से भारी भरकम कलेक्शन किए जाने हेतु हमारे वेतन से राशि कटौती की गई। इस बारे में उच्च अधिकारियों को जानकारी भेजी जा रही है।

## ऋण अदायगी के लिए बैंकों को बाउंस चेक दे रहे लोग

**कोरबा।** जिले में स्थित बैंकों से उधार रकम लेने के बाद उसकी अदायगी के लिए लोगों द्वारा बाउंस चेक दिए जाने का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मामले में बैंक अदालत की शरण लेते हैं जहां से आरोपियों को सजा सुनाई जाती है। ऐसे ही मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा की अदालत में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक से उधार लेने के बाद बाउंस चेक देने वाले एक युवक को 6 माह कारावास की सजा सुनाई है साथ ही अर्थदंड भी रोपित किया है।

मिली जानकारी के अनुसार कृष्ण कुमार नामक एक युवक ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की गेवरा शाखा से जनरल स्टोर संचालन के लिए 21 मार्च 2016 को 25 हजार रुपए का लोन लिया था। नियमानुसार उसे उसकी अदायगी करनी थी लेकिन ऋण की अदायगी नियमानुसार समय पर नहीं किए जाने की वजह से उसका ऋण खाता 28 मार्च 2017 से एनपीए की श्रेणी में आ गया। बैंक द्वारा बार-बार निवेदन किए जाने पर उसने अपने ऋण खाता में जमा किए जाने के लिए परिवादी बैंक को चेक क्रमांक 752711 राशि 33 हजार 271 रुपए प्रदान किया। बैंक द्वारा जब उक्त चेक को आहरण हेतु खाता में जमा किया गया तो युवक के एकाउंट में पर्याप्त राशि नहीं होना दिखाया गया। जिसकी विधिक सूचना बैंक द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी युवक को दिया गया। इसके पश्चात् भी वह रकम चुकाने में असफल रहा। जिस पर बैंक प्रबंधन ने मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा की अदालत में ले जाते हुए वाद दायर कर दिया। जहां मामले की सुनवाई के बाद न्यायाधीश पंकज दीक्षित द्वारा युवक को चेक बाउंस मामले में दोषी पाते हुए 6 माह साधारण कारावास एवं 66 हजार रुपए बैंक को अदा करने की सजा सुनाई गई। समय पर बैंक को रकम न लौटाने पर अभियुक्त को तीन महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा भी सुनाई गई। परिवादी छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक गेवरा शाखा की ओर से प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता धनेश सिंह द्वारा की गई।

## अधिकारी को परेशान करने किया तबादला, स्थगन

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को एक टेक्निकल ऑफिसर का मनमाने तरीके से तबादला करना महंगा पड़ा। हाईकोर्ट ने टेक्निकल आफिसर रूपचंद देवांगन के मामले में अगली तारीख तक के लिए व्यवस्था देते हुए स्थगन दिया है। साथ ही एसईसीएल के सीएमडी सहित अन्य अधिकारियों से 2 दिसंबर तक तथ्यात्मक जानकारी मांगी है। देवांगन की पदस्थापना कोरबा क्षेत्र की सरायपाली परियोजना में थी। कुछ समय से कोल ट्रांसपोर्ट में लगे लोग अवैध गतिविधियां कर रहे थे जिस पर देवांगन ने आपत्ति जताई तो उससे मारपीट की गई। जानकारी होने पर प्रबंधन ने अपने अधिकारी को संरक्षण देने के बजाय उसका ही ट्रांसफर बल्गी में कर दिया। इसे ही चुनौती दी गई थी।

### आशीष पंचतत्व में विलीन

**कटघोरा।** वार्ड 5 नवागांव के प्रतिष्ठित नागरिक व पूर्व एसबीआई कर्मी मोतीलाल जायसवाल के बड़े पुत्र व पूर्व नपा अध्यक्ष ललिता डिक्सेना की छोटी बहन के पुत्र आशीष जायसवाल (मीनू) का 38 वर्ष की अल्पायु में लंबी बीमारी के दौरान 26 अक्टूबर शनिवार की देर शाम निधन हो गया। आज सुबह छिर्रा मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर विभिन्न समाज के लोग उपस्थित थे। मुक्तिधाम में शोकसभा रखने के साथ दिवंगत आत्मा की सद्गति के लिए प्रार्थना की।



# नमामि हसदेव देव दीपावली पर करेगा दिव्य अनुष्ठान

**कोरबा।** नदी संरक्षण और समर्थन की भावना से कोरबा में नमामि हसदेव संगठन काफी समय से काम कर रहा है। उसने कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली पर यहां हसदेव तट पर वृहद अनुष्ठान करना निश्चित किया है।

पिछले लगभग एक वर्ष से नमामि हसदेव के द्वारा हर महीने की अमावस्या और पूर्णिमा को हसदेव आरती की जा रही है। इसमें अधिकारियों से लेकर सामाजिक कार्यकर्ता और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे लोग यजमान बनाए गए। इनकी उपस्थिति में शाम 5 बजे से पूजा अर्चना और हवन पूजन आदि कार्य संपन्न किए गए। इसके पश्चात् गंगा तट पर विभिन्न स्थान में होने वाली गंगा आरती के तर्ज पर यहां भी हसदेव की आरती की गई। समय के साथ इसमें लोगों की संख्या बढ़ी। संगठन के प्रमुख रणधीर पांडेय ने बताया कि परंपरा का निर्वहन करते हुए कार्तिक अमावस्या 31 मई और कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर को इस प्रकार का



कार्यक्रम हसदेव तट पर संपन्न होगा। इसके लिए संगठन भावनात्मक रूप से अधिकतम लोगों को जोड़ने की तैयारी में है। श्री पांडेय ने बताया कि नदियां सनातन काल से हिंदुओं की आस्था और श्रद्धा का केंद्र रही है। उनके सामने मौजूद चुनौतियां कुल मिलाकर मानवीय कारणों से है। अनावश्यक प्रदर्शन के बजाय इस दिशा में निष्ठा से काम करने की जरूरत है तभी कुछ अच्छे नतीजे आएंगे और लोगों की सोच बदलेगी।

### भाजपा ने लांबा को बनाया चुनाव अधिकारी



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन ने वर्ष 2024 के संगठन चुनाव हेतु की चुनाव अधिकारियों की घोषणा कर दी हैं। इसमें कोरबा जिला संगठन के लिए राजा पांडेय को चुनाव अधिकारी बनाया गया हैं। सहयोगी के तौर पर संजय भावनानी एवं गोपाल मोदी को सह-चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह कोरबा के पूर्व महापौर जोगेश लांबा को जांजगीर-चांपा जिला के लिए चुनाव अधिकारी और लीलाधर सुल्तानिया, श्रीमती नंदनी राजवाड़े को सह अधिकारी नियुक्त किया गया हैं।

## अधिकारियों ने किया आवासों का अवलोकन

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना के कालोनी में दो आवासों के छतों के छोटे-छोटे टुकड़े अचानक गिर गए। इस घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ लेकिन एसईसीएल के अधिकारी मरम्मत कार्य के लिए आज इन दोनों आवासों में पहुंचकर अवलोकन किया। ज्ञातव्य है कि गेवरा कालोनी के आवास काफी पुराने हो चुके हैं। समय-समय पर छतों के छोटे-छोटे टुकड़े गिरते रहे हैं। इस समस्या को कई बार प्रबंधन के सामने रखा जा चुका है। कल व आज भी दो आवासों के छत के टुकड़े नीचे गिए गए। अधिकारियों के साथ गोपाल यादव, डीके मिश्रा, सीताराम व महेंद्र सिंह ने अवलोकन किया।



**जागरूकता का पढ़ाया पाठ :** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ सर्व सामान्य को यातायात से संबंधित नियमों के बारे में जानकारी दी जा रही है। ट्रैफिक पुलिस ने इसके लिए अभियान चलाया है। पोड़ी उपरोड़ा स्वामी आत्मानंद विद्यालय के विद्यार्थियों को यातायात नियमों से जुड़ी पुस्तिका दी गई।

जय श्रीराम
मकान बेचना है
कोसाबाड़ी में गार्डन के पास 2400 वर्गफीट में डबल स्टोरी मकान बेचना है।
जमीन खरीदी/बिक्री हेतु
संपर्क करें
प्रापर्टी डीलर
62681-46606




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com